# भारत एवं विश्व की भौतिक सामाजिक तथा आर्थिक भूगोल
# (Physical, Social and Economic Geography of India and World)

## ❑ भारत : एक परिचय

☞ पाक जलडमरूमध्य द्वारा भारत-श्रीलंका से अलग होता है।
☞ त्रिपुरा राज्य तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा हुआ है अतः उसकी तीन तरफ अंतरराष्ट्रीय सीमा है।
☞ भारतीय उपमहाद्वीप मूलतः गोंडवानालैंड भूखंड का भाग है।
☞ अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में द्वीपों की संख्या 572 है।
☞ हिमालय नवीन वलित पर्वत का उदाहरण है।
☞ अध्ययन की दृष्टि से हिमालय पर्वत श्रेणी को चार भागों में वर्गीकृत किया गया है।
(i) ट्रांस हिमालय,
(ii) महान (वृहत) हिमालय,
(iii) लघु अथवा मध्य हिमालय,
(iv) उप हिमालय या शिवालिक श्रेणी
☞ पीरपंजाल श्रेणी जम्मू एवं कश्मीर में स्थित है।
☞ प्राचीन भारतीय ऐतिहासिक साक्ष्यों में हिंद महासागर को रत्नाकर (Jewel of Mine) से संबोधित किया गया है।
☞ संरचनात्मक दृष्टि से मेघालय पठार दक्कन पठार का ही विस्तारित भाग है।
☞ अरावली भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला है।
☞ कुल्लू घाटी (Kullu Valley) हिमाचल प्रदेश में धौलाधार और पीर पंजाल श्रेणियों के मध्य स्थित है।
☞ झूमरी तलैया झारखंड राज्य के कोडरमा जिले में है।
☞ पाठ अंचल (Pat Region) छोटानागपुर (झारखंड) में अवस्थित है।
☞ सर क्रीक विवाद भारत और पाकिस्तान के मध्य है।
☞ **भारत** क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का **सातवां सबसे बड़ा देश** है।
☞ विश्व के क्षेत्रफल का **2.42** प्रतिशत भाग भारत के पास है। जबकि भारत में संपूर्ण विश्व की 17.5 प्रतिशत जनसंख्या निवास कर रही है।
☞ क्षेत्रफल में विश्व का सबसे बड़ा देश **रूस** है।
☞ **जनसंख्या** की दृष्टि से विश्व में भारत का **दूसरा** स्थान है।
☞ जनसंख्या की दृष्टि **चीन** विश्व का सबसे बड़ा देश है।
☞ ग्रीनविच मानक समय से भारत का **मानक समय** $5\frac{1}{2}$ घंटा आगे है।
☞ भारत का स्थानीय समय **82°30' पूर्वी देशांतर** से लिया जाता है।
☞ यह **रेखा नैनी, इलाहाबाद (अब प्रयागराज)** से होकर गुजरती है।
☞ भारतीय संघ का सुदूर दक्षिणी छोर (इंदिरा प्वाइंट) **अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के ग्रेट निकोबार द्वीप में** स्थित है।
☞ पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट का मिलन बिंदु **नीलगिरि की पहाड़ियां** हैं।
☞ नीलगिरि पहाड़ी की सर्वोच्च चोटी दोद्दाबेट्टा (लगभग 2637 मीटर ऊंची) है।
☞ **ऊटी** (तमिलनाडु) दक्षिण भारत का हिल स्टेशन है।
☞ **दक्कन का पठार** भारत का सबसे बड़ा पठार; मध्य एवं दक्षिण भारत के राज्यों में विस्तारित; विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न नामों से संबोधित-आंध्र प्रदेश में तेलंगाना पठार, पूर्वोत्तर भाग में छोटानागपुर पठार आदि।
☞ **छोटानागपुर पठार** का विस्तार झारखंड व पश्चिम बंगाल के 87239 वर्ग किमी. क्षेत्रफल पर फैला है। छोटानागपुर पठार एक अग्रगंभीर है। छोटानागपुर पठार को 'भारत का रूर' प्रदेश भी कहा जाता है।
☞ **मेघालय पठार** मेघालय राज्य में अवस्थित, दक्कन पठार का भाग है।
☞ **दंडकारण्य का पठार** ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं आंध्र प्रदेश राज्यों में अवस्थित; इसी पर बैलाडिला लोहे की खदान स्थित है; दक्षिण-पश्चिमी भाग को मलकान गिरि पठार नाम से संबोधित किया जाता है।
☞ पश्चिम बंगाल की सीमाएं **तीन देशों** नेपाल, भूटान एवं बांग्लादेश के साथ लगती हैं।
☞ **विंध्य** पर्वत श्रेणी भारत के दक्षिणी तथा उत्तरी भागों को अलग करती है।
☞ भारत के दक्षिणी पश्चिमी समुद्री तट को **मालाबार तट के नाम** से जाना जाता है।

☞ भारत के अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगे समुद्र तट की लंबाई लगभग **5422.6** किमी. है, जबकि मुख्य भूमि से दूर कुल तट की लंबाई 2094 किमी. है।

☞ भारतीय समुद्र तट की लंबाई **7516.6 किमी.** है।

☞ गारो खासी तथा जयंतिया पहाड़ियां **दक्कन पठार का** भाग हैं।

☞ भारत का दक्षिण-पूर्वी समुद्र तट **कोरोमंडल तट के नाम से** भी जाना जाता है।

☞ भारत का सबसे घनी आबादी वाला शहर **मुंबई** है।

☞ बांग्लादेश की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्य हैं – **असम, मेघालय, मिजोरम, पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा**।

☞ म्यांमार की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्य हैं – **अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर एवं मिजोरम**।

☞ चीन की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्य हैं – **जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश**।

☞ पाकिस्तान की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्य हैं – **गुजरात, राजस्थान, पंजाब तथा जम्मू एवं कश्मीर**।

☞ भारत के साथ सबसे लंबी सीमा बनाने वाला देश है – **बांग्लादेश**

☞ भारत के साथ सबसे छोटी सीमा बनाने वाला देश है – **अफगानिस्तान**

☞ भारत **7** देशों के साथ अपनी भू-सीमा की साझेदारी करता है।

☞ भारत की स्थलीय सीमा को स्पर्श करने वाले देश हैं – **पाकिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान एवं म्यांमार**।

☞ नेपाल की सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य- **उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम** हैं।

☞ उ. प्र. के महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी एवं पीलीभीत जिलों की सीमा **नेपाल से** मिलती हैं।

☞ **मैकमोहन रेखा**, भारत और चीन के बीच की सीमा रेखा है।

☞ भारत-पाक विभाजन के समय खींची गई सीमा रेखा को '**रेडक्लिफ रेखा**' कहा जाता है।

☞ अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मध्य सीमा रेखा को **'डूरंड' रेखा** कहते हैं।

☞ भारत के कराकोरम श्रेणी में स्थित **सियाचिन ग्लेशियर** भारत का सबसे बड़ा ग्लेशियर है।

☞ सियाचिन ग्लेशियर गैर-ध्रुवीय क्षेत्र में **विश्व का दूसरा** सबसे लंबा ग्लेशियर है।

☞ सियाचिन ग्लेशियर को लेकर **भारत और पाकिस्तान** के बीच विवाद है।

☞ भारत के **पश्चिम में पाकिस्तान** तथा **पूर्व में बांग्लादेश** और म्यांमार हैं।

☞ भारत के **उत्तर-पूर्व** में चीन, नेपाल और भूटान हैं।

☞ भारत के **दक्षिण में श्रीलंका** तथा **दक्षिण-पश्चिम में मालदीव** है।

☞ भारत में सबसे कम वर्षा वाला स्थल **लेह** है।

☞ **श्रीलंका,** भारत का भू-सीमा सहभागी नहीं है।

☞ **T3 एयरपोर्ट,** नई दिल्ली, भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है।

☞ भारत का सर्वाधिक ठंडा स्थान **द्रास** है।

☞ भारतीय रेल का पाकिस्तान सीमा से सटा अंतिम रेलवे स्टेशन **मुनाबाव** है।

☞ कोंकण रेलवे मार्ग **गोवा, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र** राज्यों से होकर गुज़रता है।

☞ चीन और भारत के बाद, विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश **अमेरिका** है।

☞ जोगबनी-विराटनगर एवं जयनगर-बिजलपुरा-बड़दी बस लाइनें भारत को **नेपाल से** जोड़ती हैं।

☞ अफगानिस्तान की राजधानी **काबुल** है।

☞ **NH9** मछलीपट्टनम से पुणे को जोड़ता है।

☞ दिल्ली से हावड़ा चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस **दिल्ली, यू.पी. बिहार, झारखंड, बंगाल से** गुजरती है।

☞ भारत में सबसे लंबा राजपथ **NH-44** यह राजमार्ग जम्मू-कश्मीर राज्य में श्रीनगर के निकट से प्रारंभ होकर कन्याकुमारी तक जाता है।

☞ **HBJ पाइप-लाइन, प्राकृतिक गैस को हजीरा से बीजापुर और जगदीशपुर तक** वहन करती है।

☞ भारत की सबसे अधिक दूरी तय करने वाली रेलगाड़ी **विवेक एक्सप्रेस** है, जो डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी के मध्य चलती है।

☞ भारत के दूरतम पूर्व और पश्चिम भागों के स्थानिक समय में **लगभग 2 घंटे** का अंतर है।

☞ **अराकान योमा** हिमालय का एक विस्तार है, जो म्यांमार में अवस्थित है।

☞ **चट्टानों का एक से दूसरे में रूपांतरण** होना रॉक साइकिल है।

☞ **कच्छ की खाड़ी एवं कच्छ का रण** थार मरुस्थल के दक्षिण में स्थित है।

☞ भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर **K-2 गाडविन** आस्टिन है, जो **कराकोरम श्रेणी** का भाग है। यह विश्व की दूसरी सबसे ऊंची चोटी है।

☞ **हिमालय पर्वत** श्रेणी भारत की उत्तर दिशा में स्थित है।

☞ तिरुपति **सेशाचलम** पहाड़ी में स्थित है।

☞ दून है- **हिमालय में देशांतरीय घाटियां**।

☞ हिमालय की पहाड़ियों के दक्षिणी ढाल उन्हीं पहाड़ियों के उत्तरी ढाल की तुलना में ज्यादा वनस्पतियुक्त हैं, क्योंकि **दक्षिणी ढाल को ज्यादा वर्षा एवं प्रकाश की प्राप्ति होती** है।

☞ **बाहरी हिमालय** को शिवालिक के रूप में भी जाना जाता है।

☞ नंदा देवी चोटी **कुमाऊं हिमालय** का भाग है।

☞ **कर्नाटक का पठार** उच्च भूकंपीय तीव्रता जोन के अंतर्गत नहीं आता है।

☞ लटकती घाटियों का निर्माण **गतिमान हिम** की क्रिया से होती है।

☞ दक्कन पठार का निर्माण मुख्यतः **बेसाल्ट** से हुआ है।

☞ **कार्डमम (इलायची) पहाड़ियां** दक्षिणी छोर के अंतिम बिंदु पर स्थित हैं।

| भारत के प्रमुख शहरों के भौगोलिक उपनाम | |
|---|---|
| **भौगोलिक उपनाम** | **शहर** |
| भारत का पेरिस | जयपुर |
| मंदिरों का शहर | वाराणसी |
| पूर्व का स्कॉटलैंड, मेघों का घर | मेघालय |
| भारत का स्विट्जरलैंड | कश्मीर |
| अरब सागर की रानी, पूर्व का वेनिस | कोच्चि |
| पर्वतों की रानी | मसूरी |
| इस्पात नगरी, भारत का पिट्सबर्ग | जमशेदपुर |
| नवाबों का शहर | लखनऊ |
| महलों का शहर | कोलकाता |
| स्वर्ण मंदिर का शहर, गोल्डेन सिटी | अमृतसर |
| त्योहारों का नगर | मदुरै |
| क्वीन ऑफ डेक्कन | पुणे |
| गेटवे ऑफ इंडिया | मुंबई |
| अंतरिक्ष का शहर, इलेक्ट्रॉनिक नगर | बंगलौर (बंगलुरू) |
| बुनकरों का शहर | पानीपत |
| सात टापुओं का नगर, भारत का हॉलीवुड | मुंबई |
| पांच नदियों की भूमि | पंजाब |
| ईश्वर का निवास-स्थान | प्रयाग |
| झीलों का नगर, पृथ्वी का स्वर्ग | श्रीनगर |
| फलोद्यानों का स्वर्ग | सिक्किम |
| पहाड़ों की मल्लिका | नेतरहाट |
| भारत का डेट्रायट | पीथमपुर |
| साल्ट सिटी | गुजरात |
| सोया प्रदेश | मध्य प्रदेश |
| दक्षिण भारत की गंगा | गोदावरी |
| वृद्ध गंगा | गोदावरी |
| पवित्र नदी | गंगा |
| बिहार का शोक | कोसी नदी |
| प. बंगाल का शोक | दामोदर नदी |
| एशिया की अंडों की टोकरी | आंध्र प्रदेश |
| सुरमा नगरी | बरेली |
| इत्र का शहर | कन्नौज |
| काशी की बहन | गाजीपुर |
| राजस्थान का शिमला | माउंट आबू |
| बगीचों का शहर | कपूरथला |
| भारत का बोस्टन | अहमदाबाद |
| सूती वस्त्रों की राजधानी | मुंबई |
| जुड़वा नगर | हैदराबाद, सिकंदराबाद |
| ताला नगरी | अलीगढ़ |
| राजस्थान का गौरव | चित्तौड़गढ़ |
| कोयला नगरी | धनबाद |
| राष्ट्रीय राजमार्गों का चौराहा | कानपुर |
| पेठा नगरी | आगरा |

## ❑ राज्यों का परिचय

- ☞ भारत में सबसे कम आबादी वाला राज्य **सिक्किम** है, जिसकी जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 610,577 है।
- ☞ भारत में सर्वाधिक आबादी वाला राज्य **उत्तर प्रदेश** है।
- ☞ क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य **राजस्थान** है।
- ☞ क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य '**गोवा**' है।
- ☞ सबसे लंबी तटीय रेखा वाला राज्य **गुजरात** है।
- ☞ लेह और श्रीनगर को संबद्ध करने वाला दर्रा **जोजिला** है।
- ☞ अरुणाचल प्रदेश और सौराष्ट्र के काठियावाड़ में सूर्योदय के समय में, लगभग **दो घंटे** का अंतर है।
- ☞ **भोपाल** शहर कर्कवृत्त के दक्षिण में पड़ता है।
- ☞ **बिहार** भारत के वृहद् प्रायद्वीपीय पठार का भाग नहीं है।
- ☞ नेपानगर में देश में कागज बनाने का **पहला कारखाना** है, जो वर्ष 1959 में केंद्रीय कारखाना बना।
- ☞ भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य **मिजोरम (91.33)** में अधिकतम साक्षरता दर है।
- ☞ 2011 की जनगणना के अनुसार, केरल राज्य की साक्षरता दर सर्वाधिक है। दूसरा उच्च साक्षरता वाला राज्य **मिजोरम** है।
- ☞ भारत के राज्यों में सबसे अधिक शहरी जनसंख्या **महाराष्ट्र** में है।
- ☞ सर्वाधिक साक्षरता वाला केंद्रशासित प्रदेश **लक्षद्वीप** है।
- ☞ वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य **अरुणाचल प्रदेश** है।
- ☞ **उत्तर प्रदेश** की दूसरे भारतीय राज्यों (बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड) के साथ अधिकतम संयुक्त सीमाएं हैं।
- ☞ उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त (8 राज्यों) भारत का **असम** राज्य सात राज्यों की सीमा को स्पर्श करता है।
- ☞ असम का **डिब्रूगढ़** नगर अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का प्रवेश द्वार भी है।
- ☞ **अहमदाबाद** गुजरात प्रदेश का सबसे बड़ा शहर है। यह नगर **साबरमती नदी** के किनारे बसा है।
- ☞ अहमदाबाद को '**भारत के मानचेस्टर**' के रूप में जाना जाता है।
- ☞ **चिल्का झील** ओडिशा राज्य में पुरी के दक्षिण में स्थित है। यह **खारे पानी** की सबसे बड़ी झील है।
- ☞ चिल्का झील **झींगा** मछली पालन के लिए प्रसिद्ध है।
- ☞ पूर्वोत्तर राज्यों में सबसे बड़ा राज्य **अरुणाचल प्रदेश** है।
- ☞ कोडाईकनाल **तमिलनाडु** राज्य के पालनी पहाड़ी में स्थित है।
- ☞ उड़ीसा का पुराना नाम **उत्कल** था।
- ☞ कुल्लू घाटी **हिमाचल प्रदेश** में स्थित है।
- ☞ 'नेतरहाट' झारखंड के **लातेहार** जिले में स्थित है।

☞ स्टेट्स ऑफ टाइगर इन इंडिया, 2014 के अनुसार, भारत के **कर्नाटक** राज्य में बाघों की सबसे ज्यादा आबादी है।

☞ 'मेघालय' का शाब्दिक अर्थ है-**बादलों का निवास स्थान**।

☞ **लाहुल व स्पिति** भारत का सबसे ऊंचा शहर (समुद्र तट से) है।

☞ 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के राज्यों में जनसंख्या के आधार पर **मध्य प्रदेश का स्थान छठां** है।

☞ UN रिपोर्ट 'द वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रास्पेक्ट्स दि 2017 रिविजन' के अनुसार, वर्ष 2030 तक भारत की जनसंख्या लगभग 1.5 बिलियन हो जाएगी।

☞ 2011 की जनगणना के अनुसार, ओडिशा की जनसंख्या का घनत्व **270** है।

☞ 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या लगभग **121 करोड़** है।

☞ लेह **जम्मू-कश्मीर** राज्य का प्रमुख नगर है।

☞ मनाली लेह राजमार्ग उत्तर भारत में **हिमाचल प्रदेश** के मनाली और **जम्मू-कश्मीर** के लेह को जोड़ने वाला राजमार्ग है।

☞ जम्मू-कश्मीर राज्य के पीरपंजाल श्रेणी में '**जवाहर सुरंग**' स्थित है।

☞ जवाहर सुरंग **2.85 किमी.** लंबी है।

☞ भारत की सबसे लंबी सुरंग चेनानी-नाशरी सुरंग है।

☞ दार्जिलिंग भारत के **पश्चिम बंगाल** राज्य में अवस्थित है।

☞ कारगिल कस्बा **जम्मू एवं कश्मीर** राज्य में स्थित है।

☞ त्रिपुरा भारत की **उत्तर-पूर्व** दिशा में है।

☞ **महाराष्ट्र** की सीमा से राजस्थान की सीमा नहीं लगती है।

☞ **झारखंड** राज्य की सीमा किसी पड़ोसी देश को नहीं छूती है।

☞ मध्य प्रदेश का पंचमढ़ी रिसॉर्ट **सतपुड़ा** पर्वत श्रृंखला में स्थित है।

☞ उत्तर प्रदेश की राजधानी **लखनऊ**, बिहार की राजधानी **पटना**, राजस्थान की राजधानी **जयपुर** तथा तमिलनाडु की राजधानी **चेन्नई** है।

☞ प्रसिद्ध पर्यटन-स्थल गुलमर्ग भारत के **जम्मू-कश्मीर** में स्थित है।

☞ वुलर बैराज योजना **जम्मू-कश्मीर** राज्य से संबंधित है।

☞ केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी **पोर्ट ब्लेयर** है।

☞ 'कन्नड़' भाषा **कर्नाटक** राज्य में बोली जाती है।

☞ अमरनाथ तीर्थस्थल भारत के **जम्मू एवं कश्मीर** राज्य में स्थित है।

☞ **हरियाणा** राज्य अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा नहीं करता है।

☞ अंडमान और निकोबार द्वीपों के निकोबार का संबंध **दक्षिण से** है।

☞ अरुणाचल प्रदेश अपने पूरब में म्यांमार से, पश्चिम में भूटान से और उत्तर और उत्तर-पूर्व में चीन से घिरा है। यह उत्तर-पूर्व में सबसे बड़ा राज्य है, जिसका **83,743** वर्ग किमी. का क्षेत्र है।

☞ सरायघाट पुल का निर्माण वर्ष **1962** में **हुआ है।**

☞ **असम** भूबद्ध (Landlocked) है।

☞ भारत में **अरुणाचल प्रदेश में सबसे पहले** सूर्योदय दिखता है।

☞ **अहमदाबाद** में, सरदार वल्लभभाई पटेल हवाईपत्तन स्थित है।

☞ देश के **हरियाणा** राज्य में न्यूनतम लिंग अनुपात है।

☞ सौराष्ट्र क्षेत्र को **काठियावाड़** के नाम से भी जाना जाता है।

☞ **बिहार** राज्य चीन की सीमा को नहीं छूता है।

☞ **उत्तर प्रदेश** की सीमा गुजरात से नहीं जुड़ी है।

☞ नैय्यर सिंचाई परियोजना **केरल** में स्थित है।

☞ असम में, बांस से बनी 'जापी' को **सिर पर पहना जाता है। यह एक प्रकार की टोपी** है।

☞ असम का राज्य पशु एक **सींगवाला गैंडा** है।

☞ **पंजाब राज्य की** उत्तर प्रदेश के साथ साझा सीमा नहीं है।

☞ गद्दी शेफर्ड्स (पैस्टोरल नोमेड्स) **हिमाचल प्रदेश** से संबंधित है।

☞ हाल ही में समाचारों में चर्चित **कोव्वाड न्यूक्लियर पॉवर प्लांट** आंध्र प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है।

☞ **झारखंड और ओडिशा** राज्य समूह में लौह-अयस्क का सर्वाधिक निक्षेप पाया जाता है।

☞ कांचीपुरम **तमिलनाडु** राज्य में स्थित है।

☞ डोगरी **हिमाचल प्रदेश** की आम भाषा है।

☞ **बिहार** भारत का अत्यधिक बाढ़ अधिमुख (prone) राज्य माना जाता है।

☞ बिहार में कुल **38** जिले हैं।

☞ पश्चिम बंगाल में रानीगंज उत्तम गुणवत्ता के **कोयला निक्षेप** के लिए जाना जाता है।

☞ असम का **नुमालीगढ़** परिष्करणशाला, 'असम एक्कार्ड रिफाइनरी' (Assam Accord Refinery) के नाम से जाना जाता है।

☞ बनिहाल **जम्मू व कश्मीर** राज्य का एक महत्वपूर्ण पहाड़ी दर्रा है।

☞ पश्चिम बंगाल का सबसे मीठा एवं स्वादिष्ट आम **हिमसागर** है।

☞ **पश्चिम बंगाल** राज्य में, तीस्ता ऊर्जा जलविद्युत परियोजना को स्थापित करने का प्रस्ताव है।

☞ भारत का **छत्तीसगढ़ राज्य** समुद्र तटीय नहीं है।

☞ झारखंड में स्थित मैथन में **तापीय ऊर्जा** का उत्पादन होता है।

☞ ताप संयंत्र **नामरूप** (असम) में स्थित है।

☞ भटकल बंदरगाह **कर्नाटक** राज्य में स्थित है।

☞ पानागुडी **तमिलनाडु** में स्थित है।

☞ NH-4 चेन्नई से **मुंबई** को जोड़ता है।

☞ NH-3 **आगरा से मुंबई** को जोड़ता है।

☞ NH-8 (राष्ट्रीय राजमार्ग-8) **दिल्ली-मुंबई** से जुड़ा है।

☞ **राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 3** भोपाल को छोड़कर आगरा, धुले एवं ग्वालियर को जोड़ता है।

☞ राष्ट्रीय राजमार्ग NH-2 **लखनऊ** से होकर नहीं गुजरता है।

| भारत के प्रमुख दर्रे | | |
|---|---|---|
| **दर्रा** | **अवस्थिति** | **विशेषता** |
| कराकोरम दर्रा | जम्मू एवं कश्मीर | चीन से कश्मीर को जोड़ने वाला प्रमुख दर्रा। |
| बनिहाल दर्रा | जम्मू एवं कश्मीर | यह जम्मू को श्रीनगर से जोड़ता है। |
| बाड़ा लाचा दर्रा | हिमाचल प्रदेश | यह हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले को जम्मू एवं कश्मीर के लद्दाख से जोड़ता है। |
| भोर घाट | महाराष्ट्र | मुंबई-पुणे को सड़क एवं रेलमार्ग से जोड़ने वाला पश्चिमी घाट का संकीर्ण द्वार। |
| थाल घाट | महाराष्ट्र | यह प्रायद्वीपीय भारत का प्रमुख दर्रा है; इससे होकर मुंबई के लिए सड़क एवं रेलमार्ग गुजरता है। |
| जैलेप्ला | सिक्किम | यह तिब्बत को सिक्किम से जोड़ता है। |
| नाथूला | सिक्किम | वर्ष 1962 से बंद पड़े इस भारत-चीन मार्ग को वर्ष 2006 में पुनः व्यापार हेतु खोला गया। |
| लिपूलेख दर्रा | उत्तराखंड | यह कुमाऊं क्षेत्र को तिब्बत के तकलाकोट से जोड़ता है। |
| शिपकीला | हिमाचल प्रदेश | सतलज नदी इसी दर्रे के सहारे भारत में प्रवेश करती है। |
| जोजिला | जम्मू एवं कश्मीर | यह श्रीनगर को लेह से जोड़ता है। |
| रोहतांग दर्रा | हिमाचल प्रदेश | यह दर्रा कुल्लू घाटी को लाहौल और स्पीति घाटी से जोड़ता है। |
| पाल घाट | केरल | यह केरल के पलक्कड़ को तमिलनाडु के कोयंबटूर से जोड़ता है। |

☞ जनगणना 2011 के अनुसार, **<u>बिहार</u>** का जनसंख्या घनत्व (1106) सर्वाधिक है।

☞ मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शहर (जनसंख्या की दृष्टि से) **<u>इंदौर</u>** है।

☞ देश के उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वाधिक जिले (75) हैं।

| **राज्य** | **राजधानी** |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | श्रीनगर |
| हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| पंजाब | चंडीगढ़ |
| हरियाणा | चंडीगढ़ |
| उत्तराखंड | देहरादून |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| राजस्थान | जयपुर |
| मध्य प्रदेश | भोपाल |
| बिहार | पटना |
| झारखंड | रांची |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| ओडिशा | भुवनेश्वर |
| छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| गुजरात | गांधीनगर |
| महाराष्ट्र | मुंबई |
| तेलंगाना | हैदराबाद |
| आंध्र प्रदेश | हैदराबाद (अमरावती) |
| गोवा | पणजी |
| कर्नाटक | बंगलुरू |
| केरल | तिरुवनंतपुरम |
| तमिलनाडु | चेन्नई |
| सिक्किम | गंगटोक |
| असम | दिसपुर |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर |
| नगालैंड | कोहिमा |
| मणिपुर | इम्फाल |
| मेघालय | शिलांग |
| मिजोरम | आइजोल |
| त्रिपुरा | अगरतला |
| **केंद्रशासित प्रदेश** | **राजधानी** |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप | पोर्ट ब्लेयर |
| पुडुचेरी | पुडुचेरी |
| दमन और दीव | दमन |
| दादरा एवं नगर हवेली | सिलवासा |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| दिल्ली | नई दिल्ली |
| लक्षद्वीप | कवारत्ती |

☞ 2011 जनगणना के अनुसार, भारत की समग्र साक्षरता दर **<u>74.04</u>** प्रतिशत है।

☞ **<u>सिक्किम</u>** राज्य की आबादी जनगणना 2011 के अनुसार, सबसे कम है।

☞ बिहार का सबसे बड़ा जिला (क्षेत्रवार) **पश्चिमी चम्पारन** है।

☞ 2011 की जनगणना के अनुसार, प्रति 1000 पुरुषों के लिए महिलाओं की संख्या **943** है।

☞ 'जनसांख्यिकीय अंतराल' **जन्म व मृत्यु दर** के अंतर को प्रदर्शित करता है।

☞ 2011 की जनगणना **15वीं जनगणना** थी।

☞ **सिक्किम** राज्य का क्षेत्रफल गोवा के बाद न्यूनतम है।

☞ बिहार का सबसे छोटा जिला **शिवहर** है।

☞ क्षेत्रफल की दृष्टि से महाराष्ट्र का भारतीय राज्यों में **तीसरा स्थान** है।

## ❑ वन क्षेत्र एवं पर्यावरण

☞ सदाबहार वन **नीलगिरि क्षेत्र** में पाए जाते हैं।

☞ भारत का **अरुणाचल प्रदेश** राज्य अधिकतम घने वनों से आच्छादित है।

☞ **वन, खनिज तथा कोयला** प्राकृतिक संसाधन हैं।

☞ 'भारतीय वन अनुसंधान केंद्र' **देहरादून** में अवस्थित है।

☞ **कर्नाटक** राज्य में चंदन के घने जंगल हैं।

☞ वन नवीकरणीय (**समाप्त नहीं होने वाले अर्थात जिनका पुनः चक्रण आसानी से संभव हो**) प्राकृतिक संसाधन हैं।

☞ **मध्य प्रदेश** राज्य में वनों का विस्तार सबसे अधिक क्षेत्रफल में है।

☞ **सौर लालटेन** में अपरंपरागत ऊर्जा स्रोत का उपयोग होता है।

☞ उत्तरी गोलार्द्ध के उच्च अक्षांशों शीतोष्ण एवं शीत कटिबंध में **शंकुधारी** पेड़-पौधे पाए जाते हैं।

☞ टैगा वन में **सॉफ्टवुड तथा हार्डवुड** दोनों प्रकार के पेड़ पाए जाते हैं।

☞ टुंड्रा टाइप वनस्पतियां **आर्कटिक क्षेत्रों में** पाईं जाती हैं।

☞ **कम्युनिटी (सामुदायिक) वन** को उनकी उपयुक्तता के आधार पर सबसे उत्तम माना जाता है।

☞ **शंकुधारी वन/टैगा** क्षेत्र में चीड़ के वृक्ष पाए जाते हैं।

☞ जानवरों और पादपों की प्रजातियों में अत्यधिक विविधता **उष्णदेशीय आर्द्र वनों** में होती है।

☞ **सुंदरी वृक्ष** पश्चिम बंगाल में बहुतायत मात्रा में है।

☞ सबसे बड़ा गरान वन **पश्चिम बंगाल में** पाया जाता है।

☞ हरियाणा राज्य का सर्वाधिक वनाच्छादित जिला **पंचकुला** है।

☞ राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय **पर्यावरण एवं वन मंत्रालय** के अधीन है।

☞ मध्य प्रदेश के **मालवा क्षेत्र** में सोयाबीन की पैदावार सबसे अधिक होती है।

☞ एक गरीब किसान को अपने खेत की उर्वरता बढ़ाने के लिए अपने खेतों में **दालें उगानी** चाहिए।

☞ गुजरात के पावागढ़ में ज्वालामुखी के कारण जल जमाव के फलस्वरूप निर्मित झील **दुधिया झील** है।

☞ भारत में परती मिट्टी मुख्यतः **आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में पाई** जाती है।

☞ यूनेस्को ने **सुंदरबन** जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र को विश्व सूची में शामिल किया।

☞ बाढ़ नियंत्रण में वनों की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि **वे मृदा को बांधे रखते हैं** तथा **वर्षा के जल से उसका अपरदन** रोकते हैं।

☞ वन कटाई दुष्परिणामों में **सूखा पड़ना, बाढ़ आना व भू-क्षरण** होना आदि है।

☞ तराई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वन कटाई का मुख्य कारण लकड़ी है।

☞ सदाबहार वन हैं-**उष्णकटिबंधीय वर्षा वन।**

☞ 200 सेमी. से अधिक वार्षिक वर्षा वाले भूमध्य रेखीय और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले वनों को **उष्णकटिबंधीय सदाबहार वर्षा वन** कहा जाता है।

☞ विश्व के 90 प्रतिशत से भी अधिक जैवद्रव्यमान (Biomass) **उष्णकटिबंधीय वर्षा** वनों में है।

☞ उष्णकटिबंधीय बरसाती वनों में वृक्षों की अधिकांश किस्में कभी भी अपनी पत्तियां नहीं गिराती हैं।

## ❑ भूमि सुधार, मिट्टियां एवं कृषि

☞ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने भारत की मिट्टियों को आठ वर्गों में बांटा है। जो निम्न हैं–(1) जलोढ़ या दोमट मिट्टी (Alluvial Soil), (2) काली मिट्टी (Black Soil), (3) लाल मिट्टी (Red Soil), (4) लैटेराइट मिट्टी (Laterite Soil), (5) मरुस्थलीय मिट्टी (Sesert Sail), (6) खारी और क्षारीय मिट्टी (Saline and Alkaline Sail), (7) पीटमय या जैव मिट्टी (Peats Sail) तथा (8) वनीय मिट्टी (Farest Sail)।

☞ **अवनालिका (Gully)** भूक्षरण, चंबल की घाटियों का निर्माणकारक है।

☞ मूंगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य **गुजरात** है।

☞ समुद्र तटीय दक्षिण भारत का अन्न भंडार **आंध्र प्रदेश** में है।

☞ गेहूं का सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र **चीन** है।

☞ **मूंगफली** नकदी फसल है।

☞ रेशम का सर्वाधिक उत्पादन **कर्नाटक** राज्य में होता है।

☞ शीतकालीन फसल ऋतु (Winter Crop Season) को भारत में **रबी** नाम से जाना जाता है।

☞ मध्य प्रदेश **दाल** का प्रमुख उत्पादक है।

☞ आंध्र प्रदेश की प्रमुख खाद्यान्न फसल **चावल** है।

☞ राष्ट्रीय मशरूम (खुम्भ, Mushroom) अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र **चम्बाघाट सोलन** में स्थित है।

☞ **कैक्टस** पौधा रेगिस्तान में आसानी से उग जाता है।

☞ आलू को **कंद** फसल में वर्गीकृत किया जा सकता है।

- किसान अस्वस्थ पौधों को निकाल देते हैं, **क्योंकि इससे अन्य स्वस्थ पौधों को मिट्टी के पोषक उपलब्ध हो पाते** हैं।
- **नासिक** शहर अंगूरों की पैदावार के लिए प्रसिद्ध है।
- कुफरी चमत्कार **आलू** की प्रजाति है।
- देश के कुल कृषि योग्य क्षेत्र के सर्वाधिक भाग पर **चावल** की कृषि की जाती है।
- **रॉयल सीमा** एक सूखा-ग्रस्त क्षेत्र है।
- फसल के हित में **न्यूनतम समर्थित मूल्य** सरकार द्वारा घोषित किया जाता है।
- मिट्टी की उर्वरा शक्ति का संरक्षण **फसल आवर्तन** का मुख्य लाभ है।
- **नारियल** फसल को बागान-फसल माना जाता है।
- कृषि प्रधान भूमि के इकाई क्षेत्र के अनुसार, अभिव्यक्त व्यक्तियों की संख्या को **कृषि घनत्व** कहते हैं।
- नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी को **कछारी मिट्टी के नाम** से जाना जाता है।
- भारत में **वन-रोषण अपनाना और स्थानांतरित कृषि को कम करना** मृदा संरक्षण का प्रभावकारी कदम है।
- **गन्ना** को प्रति हेक्टेयर अधिकतम जल की मात्रा की आवश्यकता होती है।
- **वृक्षारोपण, टपकन (ड्रिप) सिंचाई का प्रयोग, सार्वजनिक यातायात का प्रयोग** प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण के लिए उत्तम है।
- भारत का सबसे अधिक उपजाऊ क्षेत्र **इंडो- गंगेटिक क्षेत्र** है।
- **लाल मिट्टी** में कार्बनिक तत्व, जैविक पदार्थ, चूना व नाइट्रोजन की कमी पाई जाती है।
- चाय की फसल के लिए आवश्यक वर्षा **200 सेमी.** से अधिक है।
- **तलछटी** प्रकार की चट्टानों में जीवाश्मों और पादपों के अवशेष होते हैं।
- धारणीय कृषि का मतलब है कि **भूमि का उपयोग करना जिससे उसकी गुणवत्ता (Quality)** बनी रहे।
- **मूल चट्टान, भू-आकृति, मौसम, वनस्पति, प्राणी-समूह एवं सूक्ष्म जीव तथा समय** मिट्टी के निर्माण में प्रभाव डालने वाले घटक हैं।
- उनकी बनावट के संदर्भ में **आग्नेय (Igneous)** किस्म की शैल सबसे प्राचीन है।
- **महाराष्ट्र** प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक है।
- **अवसादी शैल** के बनने में पूर्व विद्यमान शैलों का अपक्षयण शामिल है, इसमें जीवाश्म होता है। ये विशेष रूप से परतों में बनती हैं।
- भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक **उत्तर प्रदेश** है।
- 'संजय गांधी जैविक उद्यान' **पटना** में स्थित है।
- **वनारोपण** चोटियों की ढलानों पर मृदा अपरदन को रोकने में सहायक होता है।
- भारत में **चाय** उद्योग में सबसे ज्यादा संख्या में महिलाएं रोजगार में नियोजित हैं।
- वस्त्र के लिए कपास की खेती सबसे पहले **भारत में** की गई।
- दालों के लिए **50-75 सेमी.** वृष्टि की आवश्यकता होती है।
- **राजस्थान में**, प्रमुखता से बाजरा की खेती की जाती है।
- बिहार राज्य में **जलोढ़ मिट्टी** पाई जाती है।
- भारत में सर्वाधिक भोज्य तेल **सरसों** से उत्पन्न होता है।
- दो नदियों के बीच बसे भू-भाग को **दोआब** कहते हैं, जहां कछारी मिट्टी पाई जाती है।
- गन्ने की खेती के लिए **कछारी मिट्टी** अथवा जलोढ़ मिट्टी सबसे अच्छी मानी जाती है।
- **मेरिनो भेंड़ पालन** ऑस्ट्रेलिया का मुख्य पशुचारी कार्य है।
- चाय की खेती के लिए **लैटराइट मृदा** सर्वाधिक उपयुक्त है।
- भारत के चार गन्ना उत्पादक राज्यों का अवरोही क्रम है- **उ.प्र., महाराष्ट्र, कर्नाटक** और **तमिलनाडु**।
- भारत में कपास की खेती के लिए **काली बेसाल्टिक** मृदा सर्वाधिक उपयुक्त है।
- फसल चक्र का मुख्य लाभ **मृदा उर्वरता का संरक्षण** है।
- लाल दानेदार मिट्टी में **ज्वार एवं बाजरा** फसल की उपज अच्छी होती है।
- भारत के उत्तरी मैदान में **जलोढ़ मिट्टी** से निर्मित भूमि अत्यधिक पाई जाती है।
- देवदार पेड़ अत्यधिक मात्रा में **हिमालयी प्रदेश** में पाए जाते हैं।
- **सूर्यमुखी** भारत की एक प्रमुख तिलहनी फसल है।
- भारत में गन्ने की खेती **सिंचित कृषि** का उदाहरण है।
- **मकई** एक खाद्यान्न फसल है।
- **लाल मिट्टी** का निर्माण प्राचीन रूपांतरित और **क्रिस्टलीय** चट्टानों के अपक्षय से हुआ है, जो लौह अयस्क से परिपूर्ण है।
- **तरबूज** जायद फसल का उदाहरण है।
- भारत में कुल रेशम वस्त्र उत्पादन का करीब 50 प्रतिशत उत्पादन **कर्नाटक राज्य** में होता है।
- भारत में शुष्क खेती की सबसे प्रमुख फसल **बाजरा** है।
- भारत में 'सदाबहार क्रांति' (Evergreen Revolution) के लिए **एम.एस. स्वामीनाथन** ने आवाज उठायी।
- काली मिर्च का उत्पादन मुख्य रूप से **केरल** में होता है।
- शिकार, मछली पकड़ना, खनन, कृषि **प्राथमिक गतिविधियों का** उदाहरण है।
- भारत में सिंचाई का प्रमुख साधन **ट्यूब वेल** है।
- भारत के उत्तरी मैदानों में अधिकतर कछारी मिट्टी पाई जाती है।
- गन्ना, चाय, कॉफी तथा रबड़ फसलों में से गन्ना रोपण फसल (Plantation crop) नहीं है।

☞ ज्वार की फसल के लिए लगभग **<u>60</u>** सेमी. बारिश की आवश्यकता होती है।

☞ पटसन की फसल के लिए **<u>150 सेमी.</u>** वर्षा अनिवार्य है।

☞ भारत में गेहूं का जीन बैंक (Gene Bank) **<u>करनाल</u>** में स्थित है।

☞ Livestock Census के अनुसार, भारत के **<u>असम</u>** राज्य में सर्वाधिक संख्या में सुअर हैं।

☞ मत्स्य पालन का व्यवसाय **पिसीकल्चर** के नाम से जाना जाता है।

☞ **मोनोकल्चर** व्यापारिक अनाज की कृषि का एक विशिष्ट लक्षण है।

☞ **विटीकल्चर** अंगूर की खेती के लिए जाना जाता है।

☞ मधुमक्खी पालन को **एपीकल्चर** के नाम से जाना जाता है।

☞ दुग्ध उत्पादन में भारत का विश्व में **प्रथम** स्थान है।

☞ दुग्ध उत्पादन **पशुपालन** से जुड़ा एक लोकप्रिय उद्यम है।

☞ **सं.रा. अमेरिका** दुग्ध उत्पादन में विश्व में **द्वितीय स्थान** पर है।

☞ भारत में सफेद क्रांति का जनक **डॉ.वी. कुरियन** को माना जाता है।

☞ डॉ. वी. कुरियन गुजरात **सहकारी दुग्ध विपणन संघ के संस्थापक** अध्यक्ष थे।

☞ **अमूल** भारत का एक दुग्ध सहकारी आंदोलन है।

☞ '**अमूल**' गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड नाम की सहकारी संस्था के प्रबंधन में चलता है। यह गुजरात के '**आणंद**' में स्थित है।

## ❑ नदियां, झीलें, प्रपात और परियोजनाएं

☞ तुंगभद्रा तथा भीमा **कृष्णा नदी** की सहायक नदियां हैं।

☞ सतलज, व्यास, रावी, चिनाब और झेलम **सिंधु नदी** की सहायक नदियां हैं।

☞ यमुना, रामगंगा, घाघरा, गंडक, कोसी आदि **गंगा की** सहायक नदियां हैं।

☞ डेल्टा का निर्माण होता है, जब नदी के मुहाने पर **<u>नदी प्रवाह निर्बल होता है</u>**।

☞ चिल्का झील **<u>झींगा मछली</u>** पालन के लिए प्रसिद्ध है।

☞ जम्मू **<u>तवी</u>** नदी के किनारे स्थित है।

☞ नर्मदा नदी का अधिकांश भाग भारत के **<u>मध्य प्रदेश</u>** राज्य में बहता है।

☞ भारत का सबसे बड़ा नदी-सेतु **<u>तिनसुकिया (असम)</u>** में है।

☞ अयोध्या **<u>सरयू</u>** नदी के किनारे अवस्थित है।

☞ विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप 'माजुली' असम के **<u>जोरहट</u>** जिले में स्थित है।

☞ विजयवाड़ा **<u>कृष्णा</u>** नदी के किनारे बसा है।

☞ **<u>इंद्रावती</u>** नदी उड़ीसा (ओडिशा) से निकलकर गोदावरी नदी में जाकर मिल जाती है।

☞ उत्तराखंड राज्य के शिवालिक रेंज में यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलकर गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी यमुना **<u>इलाहाबाद</u>** (अब प्रयागराज), **<u>उ.प्र.</u>** में गंगा से मिलती है।

☞ गंगा और यमुना नदी का संगम **<u>इलाहाबाद</u>** (अब प्रयागराज) में होता है।

☞ कोसी नदी नेपाल से निकलकर बिहार के **<u>कुरसेला में</u>** (कटिहार जिला, बिहार) गंगा से मिलती है।

☞ सोन नदी मध्य प्रदेश के अमरकंटक से निकलकर पटना (बिहार) के समीप गंगा से मिलती है।

☞ प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी है – **<u>गोदावरी</u>**

☞ 'वृद्ध गंगा' एवं 'दक्षिण गंगा' – **<u>गोदावरी</u>**

☞ महाराष्ट्र के महाबलेश्वर से निकलने वाली कृष्णा नदी की सहायक नदियां हैं–**<u>तुंगभद्रा, कुराली, वर्णा, कोयना, भीमा, मालप्रभा, घाटप्रभा, पलेरू, दूधगंगा</u>** आदि।

☞ महाराष्ट्र के नासिक जिले से निकलकर तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश से होकर बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदी गोदावरी की सहायक नदी है–**<u>मंजिरा, इंद्रावती, प्राणहिता, वर्धा, पेनगंगा, सबरी, तालीपेरु</u>**।

☞ **<u>गंगा</u>** हिमवर्ती नदी का उदाहरण है।

☞ पश्चिमी घाट से **<u>कृष्णा, गोदावरी, कावेरी</u>** नदियां निकलती हैं।

☞ साबरमती नदी **<u>अहमदाबाद</u>** शहर के किनारे बहती है।

☞ **<u>सतलज, सिंधु एवं ब्रह्मपुत्र</u>** नदी का उद्गम स्थल भारतीय क्षेत्र में नहीं है।

☞ **<u>यमुना</u>** नदी पूर्वी हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की सीमा पर बहती है।

☞ **<u>शिवनाथ</u>** महानदी की सहायक नदी है।

☞ **<u>कोलकाता</u>** हुगली नदी के तट पर बसा है।

☞ **<u>नर्मदा</u>** नदी विभ्रंश घाटी से होकर बहती है।

☞ **<u>गिरिताल (Tarn)</u>** भू-स्वरूप हिमशिला से बनता है।

☞ **<u>चंबल</u>** नदी यमुना की एक सहायक नदी है।

☞ रोहतांग दर्रा **<u>हिमाचल प्रदेश में</u>** स्थित है।

☞ **<u>गंगा, ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी, कृष्णा और कावेरी</u>** नदियां बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं।

☞ अरुणाचल प्रदेश में **<u>ब्रह्मपुत्र</u>** नदी को 'दिहांग' कहा जाता है।

☞ **<u>सोन</u>** नदी दक्षिण से आकर गंगा से जुड़ती है।

☞ भारत में यर्लूंग जांगबो नदी को **<u>ब्रह्मपुत्र</u>** नाम से जानते हैं।

☞ **<u>ब्रह्मपुत्र, सिंधु और सतलज</u>** नदी समूह तिब्बत से निकलता है।

☞ अंडमान और निकोबार द्वीपसमूहों का उच्चतम शिखर **<u>सैडल शिखर</u>** है।

☞ लोनार झील **<u>महाराष्ट्र</u>** में स्थित है।

☞ वर्तमान में **<u>दण्डकारण्य परियोजना</u>** में छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश राज्य शामिल हैं।

☞ फरक्का सिंचाई परियोजना **<u>पश्चिम बंगाल</u>** राज्य में है।

| भारत की प्रमुख बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएं | | |
|---|---|---|
| **परियोजना** | **नदी** | **राज्य (संबंधित)** |
| हीराकुंड | महानदी | ओडिशा |
| भाखड़ा-नांगल | सतलज | पंजाब, हरियाणा, राजस्थान |
| इडुक्की | पेरियार | केरल |
| नागार्जुन सागर | कृष्णा | आंध्र प्रदेश |
| तेलुगू-गंगा | कृष्णा | तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र एवं कर्नाटक |
| मयूराक्षी | मयूराक्षी | पश्चिम बंगाल |
| माताटीला | बेतवा | मध्य प्रदेश एवं उ.प्र. |
| पोचम्पाद | गोदावरी | आंध्र प्रदेश |
| शिवसमुद्रम | कावेरी | कर्नाटक |
| जायकवाड़ी | गोदावरी | महाराष्ट्र |
| कल्पोंग | कल्पोंग | अंडमान व निकोबार |
| फरक्का | गंगा | पश्चिम बंगाल |
| घाट प्रभा | घाट प्रभा नदी | कर्नाटक |
| काकरापार | ताप्ती नदी | गुजरात |
| रिहंद परियोजना | रिहंद | सोनभद्र (उ.प्र.) |
| उकाई | ताप्ती | गुजरात |
| कोयना | कोयना नदी | महाराष्ट्र |
| तवा परियोजना | तवा नदी | मध्य प्रदेश |
| तुलबुल परियोजना | झेलम नदी | जम्मू-कश्मीर |
| बगलिहार परियोजना | चिनाब नदी | जम्मू-कश्मीर |
| तपोवन और विष्णुगंगा | अलकनंदा | उत्तराखंड |
| दुलहस्ती परियोजना | चिनाब | जम्मू-कश्मीर |
| रानी लक्ष्मीबाई सागर परियोजना | बेतवा | मध्य प्रदेश |
| तीस्ता जलविद्युत परियोजना | तीस्ता नदी | सिक्किम |
| जवाहर सागर, राणा प्रताप सागर | चंबल | राजस्थान |
| बाण सागर | सोन | बिहार, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश |
| शारदा परियोजना | शारदा,गोमती | उत्तर प्रदेश |
| रामगंगा परियोजना | रामगंगा | उत्तर प्रदेश |
| कोसी परियोजना | कोसी | बिहार एवं नेपाल |
| गंडक परियोजना | गंडक | बिहार एवं नेपाल |
| सतलज परियोजना | चिनाब | जम्मू व कश्मीर |
| नाथपा झाकरी | सतलज | हिमाचल प्रदेश |
| भीमा परियोजना | पवना नदी | महाराष्ट्र |

☞ 'ककोलत जलप्रपात' (Kakolat Waterfall) **बिहार** राज्य में है।

☞ **कावेरी** नदी तीन बार दो धाराओं में बंट जाती है और कुछ मील आगे जाने के बाद दोबारा एक हो जाती है, इस प्रकार श्रीरंगपट्टनम, शिवसमुद्रम और श्रीरंगम द्वीपों का निर्माण करती है।

☞ भारत के उत्तरी मैदानों में नहर सिंचाई सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि **नहरों का स्रोत बारहमासी नदियां** हैं।

☞ **सोन नदी** को छोड़कर गोमती, गंडक, कोसी आदि नदियां गंगा के बाईं तरफ बहती हैं या मिलती हैं।

☞ भागीरथी और अलकनंदा नदियां **देवप्रयाग** में मिलती हैं।

☞ **गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान** विश्व का सबसे बड़ा डेल्टाई मैदान है।

☞ मिट्टी के कटाव के लिए **हवा और पानी की क्रिया** सबसे महत्वपूर्ण कारक है।

☞ भारत का सबसे ऊंचा बांध टिहरी बांध है।

☞ सरदार सरोवर परियोजना गुजरात राज्य में नर्मदा नदी पर स्थित है।

☞ कुंदाह नदी परियोजना से **तमिलनाडु** राज्य को लाभ मिला है।

☞ हैदराबाद और सिकंदराबाद जुड़वां शहर **हुसैन सागर** से जुड़े हुए हैं।

☞ दामोदर नदी का उद्‌गम स्थान **छोटानागपुर पठार** है।

☞ **रानीगंज** घाटी का कोयला खनन क्षेत्र है।

☞ **नर्मदा नदी** पश्चिम दिशा की ओर बहती है।

☞ नर्मदा व ताप्ती नदियों के बीच सतपुड़ा **पर्वतमाला** जल विभाजक का कार्य करती है।

☞ विद्यासागर सेतु **हुगली** नदी पर बना है।

☞ **नर्मदा एवं ताप्ती नदी** विभ्रंश घाटी से होकर बहती है।

☞ शिक्शा, हेमावती और अर्कावती **कावेरी नदी** की सहायक नदियां हैं।

☞ भारत का दूसरा विशाल नदीपात्र **गोदावरी** का है।

☞ **तुंगभद्रा** कावेरी की सहायक नदी नहीं है।

☞ पोंग बांध **व्यास** नदी पर बनाया गया है।

☞ सतपुड़ा एवं विंध्य पर्वत के बीच बहने वाली नदी **नर्मदा** है।

☞ वुलर झील कश्मीर में स्थित है।

☞ अमृत धारा जलप्रपात छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में है।

☞ भारत में सर्वाधिक दक्षिणी नदी तंत्र **कावेरी** का है।

☞ बाढ़ रक्षित बस्ती (Dry Point Settlement) साधारणतया **नदियों के मुहाने** पर पाई जाती है।

☞ **लूनी नदी** का स्रोत अजमेर के समीप अरावली पर्वतमाला में है।

☞ **ब्रह्मपुत्र** नदी हिमालय की पूर्वी सीमा पर है।

☞ कलपक्कम न्यूक्लियर पॉवर प्लांट **तमिलनाडु** में स्थित है।

☞ टाइडल पॉवर प्लांट (ज्वार भाटा ऊर्जा संयंत्र) **कच्छ की खाड़ी** में स्थित है।

☞ डल झील **श्रीनगर** में स्थित है।

☞ भागीरथी और अलकनंदा नदियां मुख्यतः **उत्तराखंड** राज्य में है।

☞ भारत में आंतरिक जल परिवहन मार्गों की संख्या बराक नदी पर लखीपुर-भंगा (121 किमी.) को लेकर 6 है।

☞ इनमें सबसे लंबा व प्रथम मार्ग इलाहाबाद (अब प्रयागराज) से हल्दिया तक (1620) है।

☞ सांभर झील राजस्थान के **जयपुर** शहर से सबसे नजदीक है।

☞ **जलप्रपात** — **नदी**

| जलप्रपात | | नदी |
|---|---|---|
| कपिलधारा जलप्रपात | – | नर्मदा |
| जोग जलप्रपात | – | शरावती |
| शिवसमुद्रम जलप्रपात | – | कावेरी |

☞ टिहरी हाइड्रोपॉवर कॉम्प्लेक्स **भागीरथी नदी** पर उत्तराखंड में स्थित है।

☞ **कोलेरू झील** कृष्णा और गोदावरी डेल्टा के बीच स्थित है।

☞ **बराक** नदी का उद्‌गम स्थल मणिपुर में है।

☞ मंद्रा जलप्रपात **टोकपाल** में स्थित है।

☞ साबरमती का उद्‌गम **अरावली पर्वत** में ढेबर झील है।

☞ **टाटा जलविद्युत योजना** (टाटा हाइडल पॉवर स्कीम) महाराष्ट्र राज्य में है।

☞ नदी प्रवाह के प्रौढ़ावस्था में ऑक्सबो झीलों का निर्माण होता है।

☞ मंडी सिंचाई परियोजना **व्यास** नदी पर है।

☞ **गंडक**, सिंधु नदी की सहायक नदी नहीं है।

☞ संकीर्ण एवं छोटी नदियां **पश्चिमी घाट** की विशेषताएं हैं।

☞ **लूनी नदी** अंतर्देशीय जल निकासी है।

☞ संकोश, धनसिरी, रंगित एवं सुवर्णरेखा में से भूटान की मुख्य नदी **संकोश** है।

☞ गार्ज (Gorges) एक नदी के **ऊपरी** गतिपथ में बनते हैं।

☞ नदी **प्रवाह** के प्रौढ़ावस्था के दौरान विसर्पण (Meanders) बनते हैं।

☞ जल साझा करने के लिए सिंधु जल संधि **भारत और पाकिस्तान** के बीच हुई।

☞ अधिकांश प्रायद्वीपीय नदियां मौसमी होती हैं, क्योंकि– **बरसात के मौसम को छोड़कर उन्हें किसी और समय में पानी नहीं प्राप्त होता** है।

☞ **टाइगर प्वाइंट जलप्रपात** पर पर्वतीय स्थल मेनपाट स्थित है।

| राज्य | प्रमुख झीलें |
|---|---|
| चिल्का झील | ओडिशा |
| पेरियार झील | केरल |
| अष्टमुडी झील | केरल |
| पुलिकट झील | तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की सीमा पर |
| वेम्बनाद झील | केरल |
| लोकटक झील | मणिपुर |
| डिडवाना, उदयसागर झील | राजस्थान |
| कोलेरू झील | आंध्र प्रदेश |
| फुल्हर झील | उत्तर प्रदेश |
| वुलर, डल झील, | जम्मू-कश्मीर |
| वैरागीनाग झील, लोनार झील | महाराष्ट्र |
| सांभर, नक्की, पिछौला झील | राजस्थान |
| लूनकरनसर, जयसमंद, फतेहसागर झील | राजस्थान |
| सातताल, नैनीताल, मालाताल, देवताल,नैकुछियाताल धुरणताल | उत्तराखंड |
| नागिन झील, शेषनाग झील, अनंतनाग झील | जम्मू-कश्मीर |

**उत्तर प्रदेश स्थित प्रमुख ताप विद्युत परियोजनाएं**

| ताप विद्युत परियोजना | जिला |
|---|---|
| सिंगरौली | सोनभद्र |
| रिहंद | सोनभद्र |
| दादरी | गौतमबुद्ध नगर |
| ऊंचाहार | रायबरेली |
| टांडा | अंबेडकर नगर |
| ओबरा | सोनभद्र |
| हरदुआगंज | अलीगढ़ |
| पारीछा | झांसी |

## ❑ राष्ट्रीय पार्क एवं वन्यजीव संरक्षण

☞ सिंह, जिराफ, बाइसन जैसे जानवर **घास स्थल** में पाए जाते हैं।

☞ सुंदरबन मुख्यतः **बाघ** के लिए संरक्षित है।

☞ **जंगली गदहों** के लिए कच्छ का रण (Rann of Kutch) जाना जाता है।

☞ **घड़ियाल** के लिए टिकड़पाड़ा अभयारण्य जाना जाता है।

☞ बोरी अभयारण्य **मध्य प्रदेश** में स्थित है।

☞ **कच्छ का रण** क्षेत्र हंसावर (Flamingos) का सबसे बड़ा प्रजनन स्थल है।

☞ भारत में **वर्ष 1972** में 'वन्यजीव संरक्षण अधिनियम' लागू हुआ।

☞ **मानस, दिहांग-दिबांग, मन्नार की खाड़ी** भारत के जैवरिजर्व हैं।

☞ **जिम कॉर्बेट** भारत में सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान है।

☞ **इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान** बस्तर (Bastar) क्षेत्र में स्थित है।

☞ 'रंगनाथीट्टु पक्षी अभयारण्य' कावेरी नदी के टापू पर **कर्नाटक** में स्थित है।

☞ भारत के **असम** राज्य में, सुयालकुची वस्त्र पार्क स्थित है।

☞ **वेदानथंगल** एक पक्षी अभयारण्य है।

☞ भारत का पहला समुद्री अभयारण्य, जिसकी सीमा में प्रवाल भित्ति, डॉलफिन्स, मोलस्क, कछुए और विभिन्न प्रकार के समुद्री पक्षी पाए जाते हैं, **कच्छ की खाड़ी में स्थित हैं।**

☞ **नागार्जुन सागर** भारत का सबसे बड़ा बाघ आरक्षित क्षेत्र है।

☞ कंगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान **छत्तीसगढ़** में, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान **कर्नाटक** में, कुगटी वन्यजीव अभयारण्य **हिमाचल प्रदेश** में एवं सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य **हरियाणा** में हैं।

☞ **नोकरेक बायोस्फीयर रिजर्व** मेघालय राज्य में है।

☞ जलदापारा राष्ट्रीय उद्यान **पश्चिम बंगाल** में स्थित है।

☞ छत्तीसगढ़ में बर्नवापाड़ा वन्यजीव अभयवन **बलौदाबाजार** जिले में स्थित है।

☞ '**रणथम्भौर** चीता शरण स्थल' राजस्थान में है।

☞ अलीपुर वन्य प्राणी उद्यान-**कोलकाता (पश्चिम बंगाल)** में है।

☞ **दुधवा टाइगर रिजर्व** उत्तर प्रदेश में है।

☞ मेलघाट बाघ आरक्षित क्षेत्र **महाराष्ट्र** में है।

☞ शिवालिक हाथी आरक्षित क्षेत्र **उत्तराखंड** में है।

☞ 'शालीमार बाग' उद्यान **श्रीनगर** में स्थित है।

☞ **इंदिरा गांधी वन्य प्राणी अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान** को 'टॉप स्लिम' के रूप में भी जाना जाता है।

☞ ताडोबा बाघ आरक्षित क्षेत्र **महाराष्ट्र** राज्य में है।

## ❑ नदियों के किनारे बसे शहर

☞ **दिल्ली** शहर यमुना के तट पर बसा है।

☞ **धनबाद** शहर गंगा नदी पर नहीं है।

☞ जबलपुर **नर्मदा** नदी के तट पर स्थित है।

☞ **कानपुर** गंगा नदी के किनारे बसा शहर है।

☞ **पटना** गंगा नदी के किनारे स्थित है।

☞ सुमेलित हैं–
बेतुल **ताप्ती**, जगदलपुर **इंद्रावती**, जबलपुर **नर्मदा** एवं उज्जैन **क्षिप्रा** नदी तट पर स्थित शहर हैं।

☞ श्रीनगर **झेलम** नदी के तट पर बसा है।

☞ **मथुरा** तीर्थस्थल यमुना नदी के किनारे पर स्थित है।

☞ बद्रीनाथ **अलकनंदा** नदी के तट पर बसा है।

☞ आगरा **यमुना नदी** के किनारे बसा हुआ है।

☞ **गंगा नदी के किनारे** स्थित शहर- हरिद्वार, ऋषिकेश, कानपुर, इलाहाबाद (अब प्रयागराज), मिर्जापुर, वाराणसी, भागलपुर, पटना आदि हैं।

☞ **यमुना नदी के किनारे** स्थित शहर- दिल्ली, आगरा, इलाहाबाद (अब प्रयागराज), मथुरा, औरैया, इटावा आदि हैं।

☞ **अयोध्या सरयू नदी** के किनारे तथा **कोलकाता हुगली नदी** के किनारे स्थित है।

**नदियों के किनारे स्थित नगर**

| नगर | नदी | नगर | नदी |
|---|---|---|---|
| गोरखपुर | राप्ती | कानपुर | गंगा |
| लुधियाना | सतलज | सोकोवा घाट | ब्रह्मपुत्र नदी |
| सूरत | ताप्ती | कुर्नूल | तुंगभद्रा |
| अहमदाबाद | साबरमती | पटना | गंगा |
| हैदराबाद | मूसी | श्रीनगर | झेलम |
| कोटा | चंबल | पंढरपुर | भीमा |
| नासिक | गोदावरी | बरेली | रामगंगा |
| भुवनेश्वर | महानदी | ओरछा | बेतवा |
| कटक | महानदी | अयोध्या | सरयू |
| कोलकाता | हुगली | डिब्रूगढ़ | ब्रह्मपुत्र |
| उज्जैन | क्षिप्रा | सम्भलपुर | महानदी |
| आगरा | यमुना | लखनऊ | गोमती |
| बद्रीनाथ | अलकनंदा | वाराणसी | गंगा |
| मथुरा | यमुना | इलाहाबाद (अब प्रयागराज) | गंगा, यमुना |
| दिल्ली | यमुना | जमशेदपुर | स्वर्णरेखा |
| फिरोजपुर | सतलज | हरिद्वार | गंगा |

## ❑ खनिज एवं उद्योग

☞ जयपुर **लाल रंग के पत्थरों** के लिए प्रसिद्ध है।

☞ 'रूर ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात 'नागपुर का पठार' जहां प्रचुर कोयला भंडार मौजूद है, भारत के **झारखंड** राज्य में स्थित है।

☞ **राजस्थान** राज्य में जस्ता प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

☞ कैगा (कर्नाटक) में **नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन** होता है।

☞ **मथुरा, बरौनी** तथा **बड़ोदरा** में तेलशोधन कारखाने हैं।

☞ **नरौरा एवं कल्पक्कम** में नाभिकीय विद्युत केंद्र हैं, जबकि कहलगांव (बिहार) में ताप विद्युत केंद्र है।

☞ भारत में सर्वाधिक चांदी उत्पन्न करने वाला राज्य **राजस्थान** है।

☞ **अभ्रक** एक बहुपयोगी खनिज है, जो आग्नेय एवं कायांतरित चट्टानों में पाया जाता है।

☞ भारत अभ्रक शीट के उत्पादन में विश्व में **प्रथम स्थान** पर है। जबकि अभ्रक के उत्पादन में प्रथम स्थान चीन का है।

☞ कोयला एक ठोस **कार्बनिक पदार्थ** है, जिसको ईंधन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है।

☞ कोयले का प्रकार-**पीट कोयला** (कार्बन की मात्रा 50-60%), **लिग्नाइट कोयला** (65-70% कार्बन की मात्रा), **बिटुमिनस कोयला** (70-85% तक कार्बन की मात्रा), **एंथ्रासाइट कोयला** (85 से अधिक कार्बन की मात्रा)

☞ भारत में **छत्तीसगढ़** तथा **ओडिशा** दो अग्रगण्य कोयला उत्पादक राज्य हैं। (वर्ष 2016-17)

☞ पश्चिम बंगाल का प्रमुख खनिज उत्पाद **कोयला** है।

☞ तमिलनाडु में होजरी उद्योग के लिए प्रसिद्ध स्थल **तिरुपुर** है।

☞ लौह इस्पात संयंत्र **राउरकेला** में स्थित है।

☞ असम में अभी **चार** तेल परिष्करण संयंत्र कार्यरत हैं।

☞ तलचर **कोयला** खनिज के लिए प्रसिद्ध है।

☞ **तमिलनाडु** राज्य में लिग्नाइट का सबसे बड़ा भंडारण है।

☞ भारत में टिन केवल एक ही स्थान पर पाया जाता है, वह है **दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**।

☞ ग्रेनाइट **आग्नेय शैल** में पाया जाता है।

☞ अलीगढ़ **ताले** के उत्पाद के लिए प्रसिद्ध है।

☞ मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) **पीतल के बर्तन** के लिए प्रख्यात है।

☞ **चित्रकोट जलप्रपात** छत्तीसगढ़ में स्थित है।

☞ कोरबा अतिताप संयंत्र (Korba Super Thermal Plant) **छत्तीसगढ़** में स्थित है।

☞ भारतीय रेलवे के दो क्षेत्र पूर्वी रेलवे एवं दक्षिण-पूर्वी रेलवे के मुख्यालय **कोलकाता** शहर में स्थित हैं।

☞ भारतीय रेलवे का अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन का मुख्यालय **लखनऊ में** स्थित है।

☞ **बोकारो** इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

☞ भारत में प्रथम इस्पात संयंत्र की स्थापना निजी प्रयास से **टाटानगर (जमशेदपुर) में** वर्ष 1907 में की गई थी।

☞ उत्तर फ्रांटियर रेलवे का मुख्यालय **गुवाहाटी** में है।

☞ कुडनकुलम में **परमाणु शक्ति स्टेशन** निर्मित किया जा रहा है।

☞ रामगुंडम ताप बिजली-संयंत्र **आंध्र प्रदेश** में स्थित है।

☞ **एंथ्रासाइट कोयला (Anthracite coal)** उच्चतम कोटि का कड़ा कोयला है।

☞ **कोरबा**, (छत्तीसगढ़) एक औद्योगिक क्षेत्र है, किंतु कोरबा में नाभिकीय शक्ति केंद्र नहीं है।

☞ गुजरात का हाजिरा शहर **तेल शुद्धीकरण** उद्योग के लिए विख्यात है।

☞ महाराष्ट्र में **तारापुर** स्थान पर परमाणु बिजली संयंत्र स्थित है।

☞ **कोयला** अवसादी शैलों में पाया जाता है।

☞ **संगमरमर** कायांतरित शैल है।

☞ भारत में ताम्र निक्षेप की सबसे समृद्ध पट्टी **राजस्थान के खेतड़ी और दरीबो में** है।

☞ केरल के मोनाजाइट रेतों में **थोरियम** पाया जाता है।

☞ राउरकेला इस्पात कारखाना **ब्रह्मनी नदी** के तट पर बनाया गया है।

☞ उर्वरक उद्योग के लिए **नेवेली** एवं **जगदीशपुर** दोनों प्रसिद्ध हैं।

☞ महाराष्ट्र, **सतारा** में पवन ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है।

☞ गोवा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं केरल में से लौह-अयस्क **गोवा** में पाया जाता है।

☞ **एकीकृत आंध्र प्रदेश और कर्नाटक** लौह-अयस्क के सबसे बड़े भंडारक हैं।

☞ धारीवाल और लुधियाना **ऊनी वस्त्रों** के लिए प्रसिद्ध है।

☞ भारत का पहला इस्पात संयंत्र **कुल्टी** में स्थापित किया गया।

☞ मध्य प्रदेश के **सतना** जिले में सीमेंट उद्योग स्थित है।

☞ निजी क्षेत्र की एकमात्र रिफाइनरी, जिसे रिलायंस पेट्रोलियम लिमिटेड द्वारा **जामनगर** स्थापित किया गया है।

☞ अंकलेश्वर में **ऑयल और नेचुरल गैस** प्रचुर मात्रा में पाई जाती है।

**प्रमुख संयंत्र एवं राज्य**

| संयंत्र/कारखाना | राज्य |
|---|---|
| बोकारो इस्पात संयंत्र | झारखंड |
| भिलाई इस्पात संयंत्र | छत्तीसगढ़ |
| इंटीग्रल कोच कारखाना | तमिलनाडु |
| डीजल लोकोमोटिव वर्क्स | उत्तर प्रदेश |
| टिस्को | जमशेदपुर (झारखंड) |
| हिंडाल्को | रेनूकूट, सोनभद्र (उ.प्र.) |
| बाल्को | कोरबो (छत्तीसगढ़) |
| नाल्को | भुवनेश्वर (ओडिशा) |

**प्रमुख एल्युमीनियम उद्योग**

| एल्युमिनियम कंपनी | प्रमुख केंद्र |
|---|---|
| बाल्को | कोरबा (छत्तीसगढ), सोवियत संघ के सहयोग से स्थापित |
| नाल्को | दामजोड़ी (कोरापुर-ओडिशा), फ्रांस के सहयोग से |
| हिंडाल्को | रेणुकूट (उ.प्र.), यू.एस.ए. के सहयोग से |
| माल्को | चेन्नई (तमिलनाडु), इटली के सहयोग से |
| वेदांता | झारसुगूड़ा, जर्मनी के सहयोग से |

☞ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का प्रचालन वर्ष 1995 में प्रारंभ हुआ। यह भूतल परिवहन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय है।

| प्रमुख नाभिकीय शक्ति केंद्र | संबंधित राज्य |
|---|---|
| नरौरा | उत्तर प्रदेश |
| कोटा, रावतभाटा | राजस्थान |
| तारापुर | महाराष्ट्र |
| काकरापार | गुजरात |
| कैगा | कर्नाटक |
| कलपक्कम, कुडनकुलम | तमिलनाडु |
| **प्रमुख केंद्र** | **उद्योग** |
| फिरोजाबाद, शिकोहाबाद | सीसा |
| आंवला, फूलपुर | उर्वरक |
| मोदीनगर | रबर |
| बाराबंकी | पॉलीफ़ाइबर |
| कानपुर | विस्फोटक |
| काकीनारा | जूट |
| भदोही | कालीन |
| सिंदरी (झारखंड) | उर्वरक |
| रांची | भारी इंजीनियरिंग उद्योग |
| पिंजौर | मशीन औजार |
| चुर्क, डाला (सोनभद्र) | सीमेंट |
| चुनार (मिर्जापुर) | |
| वाराणसी | डीजल लोकोमोटिव |
| रायबरेली | इंडियन टेलीफोन |
| विशाखापत्तनम | पोत निर्माण |
| मूरी | एल्युमीनियम |
| गुड़गांव | मोटर-गाड़ियां |
| पनकी | उर्वरक |
| नेपानगर | कागज (अखबारी) |
| रामगुंडम | उर्वरक |
| चितरंजन | लोकोमोटिव |
| नरौरा | अणुशक्ति |
| हल्दिया | पेट्रो रसायन |
| ब्रजराजनगर (ओडिशा) | कागज (अखबारी) |
| ऋषिकेश | औषधि निर्माण |
| मैसूर | रेशम वस्त्र |
| जवाहर नगर (बड़ोदरा), गुजरात | पेट्रो रसायन |
| लुधियाना | होजरी |
| टीटागढ़, रानीगंज | कागज |
| जे.के. नगर | एल्युमीनियम |
| भाटपाड़ा | जूट |
| जयपुर लखेरी (राजस्थान) | सीमेंट |
| जामनगर (गुजरात) | पेट्रो रसायन |
| सतना, कटनी (म.प्र.) | सीमेंट |

☞ मई, 1960 में सीमा सड़क संगठन (BRO) को देश की उत्तरी और उत्तरी-पूर्वी सीमा से सटी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़कों में तीव्र सुधार के लिए स्थापित किया गया था।

☞ HAL (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) का मुख्यालय बंगलुरू में है।

☞ हासन (कर्नाटक) में उपग्रहों के नियंत्रण से संबंधित मास्टर कंट्रोल सुविधा उपलब्ध है।

☞ भारत की एंट्रिक्स निगम लिमिटेड दुनिया भर में ग्राहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उत्पादों और सेवाओं को उपलब्ध कराने में लगी हुई है।

☞ सेबी (सेक्यूरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का मुख्यालय मुंबई में है।

☞ केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन का मुख्यालय नई दिल्ली में है।

☞ जर्मनी की सहायता से **राउरकेला** इस्पात कारखाने की शुरुआत की गई थी।

☞ वायुयान उद्योग **कोरापुट** में स्थित है।

☞ उत्तर प्रदेश स्थित फिरोजाबाद **कांच एवं चूड़ी** के लिए प्रसिद्ध है।

☞ **कोडरमा** तेल परिष्करण घटकों के लिए प्रसिद्ध नहीं है।

☞ **कटक** में रासायनिक खाद फैक्ट्री नहीं है।

☞ **कटनी** का संबंध इस्पात उत्पादन से नहीं है।

☞ **राउरकेला**, बोकारो, दुर्गापुर, भिलाई के समान है।

☞ बेलाडिला **लौह-अयस्क** के लिए प्रसिद्ध है।

☞ पिम्परी **प्रतिजैविक** उद्योग से संबंधित है।

☞ भारत में यूरेनियम अयस्क की सबसे बड़ी खान **तुम्मलापल्ली** (आंध्र प्रदेश) में है।

☞ नमक उत्पादन में भारत में **गुजरात** का प्रथम स्थान है।

☞ भारत का सबसे पुराना तेल परिशोधन कारखाना **डिग्बोई, असम** में स्थित है।

☞ कर्नाटक राज्य में सबसे बड़ा लौह-अयस्क भंडार है। **झारखंड एवं उड़ीसा (ओडिशा)** राज्यों का समूह लौह-अयस्क का सबसे बड़ा भंडारक है।

☞ रुद्रसागर एवं लकवा तेल क्षेत्र **असम** राज्य में है।

## ❑ भारत के प्रमुख बांध

☞ भारत का सबसे ऊंचा बांध- **टिहरी बांध**, भागीरथी नदी पर उत्तराखंड में है।

☞ भारत का सबसे लंबा बांध - **हीराकुंड**, ओडिशा में महानदी पर है।

## ❑ भारत में वर्षा

☞ भारत में सबसे पहले मानसूनी वर्षा केरल में होती है।

☞ दक्षिण भारत की अपेक्षा उत्तर भारत में मानसून की अवधि **कम** होती है।

☞ दक्षिण भारत में मानसून **जून के प्रथम सप्ताह** में प्रवेश करता है। जबकि उत्तर भारत में प्रवेश करने में दक्षिण की अपेक्षा अधिक समय लगता है।

| भारत के प्रमुख अनुसंधान केंद्र | | | |
|---|---|---|---|
| प्रमुख अनुसंधान संस्थान केंद्र | स्थान | प्रमुख अनुसंधान संस्थान केंद्र | स्थान |
| केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान | लखनऊ (उ.प्र.) | केंद्रीय खनन अनुसंधान संस्थान | धनबाद (झारखंड) |
| राष्ट्रीय मानचित्र एवं विषयक मानचित्र संगठन | कोलकाता (प.बंगाल) | भारतीय हीरा संस्थान | सूरत (गुजरात) |
| राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान | चेन्नई (तमिलनाडु) | भारतीय बागवानी विश्वविद्यालय | सोलन (हिमाचल प्रदेश) |
| शीतोष्ण वन अनुसंधान केंद्र | शिमला (हिमाचल प्रदेश) | राष्ट्रीय शर्करा (चीनी) संस्थान | कानपुर (उ.प्र.) |
| केंद्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी | हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) | राष्ट्रीय अखंडता संस्थान | पुणे (महाराष्ट्र) |
| केंद्रीय शुष्क भूमि खेती अनुसंधान संस्थान | हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) | मिश्रधातु निगम लिमिटेड | हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) |
| उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय | सोलन (हिमाचल प्रदेश) | भारत इंजीनियरिंग लिमिटेड | रांची (झारखंड) |
| सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट | मैसूर (कर्नाटक) | भारतीय पेट्रोलियम संस्थान | देहरादून |
| केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र | झांसी (उ.प्र.) | डीजल लोकोमोटिव वर्क्स | वाराणसी (उ.प्र.) |
| भारतीय चावल शोध-संस्थान | कटक (ओडिशा) | केंद्रीय जूट प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान | कोलकाता |
| राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान केंद्र | करनाल (हरियाणा) | राष्ट्रीय धातु विज्ञान प्रयोगशाला | जमशेदपुर |
| भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान | कानपुर (उ.प्र.) | औद्योगिक विष विज्ञान अनुसंधान केंद्र | लखनऊ (उ.प्र.) |
| केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान पूर्व नाम : (केंद्रीय आम अनुसंधान संस्थान) | लखनऊ (उ.प्र.) | केंद्रीय नमक और समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान | भावनगर |
| इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस | नागपुर (महाराष्ट्र) | केंद्रीय पर्यावरण इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान | नागपुर |
| | | केंद्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान | जादूगुडा (झारखंड) |
| | | केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान | चेन्नई |
| | | केंद्रीय लीची अनुसंधान संस्थान | मुजफ्फरपुर |

☞ विश्व में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान है–**मासिनराम (मेघालय)**

☞ भारत का न्यूनतम वर्षा वाला स्थान–***लेह (जम्मू एवं कश्मीर)***

☞ ऋतु में परिवर्तन के अनुसार, **रात और दिन की लंबाई** में भिन्नता होती है।

☞ वर्ष भर भारी वर्षा एवं उच्च तापमान वाला जलवायु क्षेत्र **विषुवतीय क्षेत्र** है।

☞ 'मानसून' शब्द को **अरबी शब्द** से लिया गया है।

☞ नक्षत्र 'एक्वेरियस' (Aquarius Constellation) का भारतीय नाम **कुम्भ** है।

☞ **मुंबई, शिलांग, तिरुवनंतपुरम में** भारी वार्षिक वर्षा (200 से ऊपर) होती है।

☞ भारत में औसत वार्षिक वर्षा **125 सेमी.** है।

☞ वायुमंडलीय आर्द्रता **साइक्रोमीटर** के द्वारा मापी जाती है।

☞ आंधी या तूफान के आगमन के पूर्व बैरोमीटर में पारद का स्तर **सामान्य स्तर से नीचे गिर जाएगा।**

☞ भारत में सर्वाधिक बाढ़ प्रवण राज्य **बिहार** है।

☞ बंगाल की खाड़ी से उत्पन्न होने वाले तूफानों की दिशा सामान्यतया **पूर्व से पश्चिम** होती है।

☞ हवा **अधिक वायु दबाव क्षेत्र से कम दबाव क्षेत्र की ओर** बहती है।

☞ कोहरा **निम्न स्तरी मेघ** (Low Stratus cloud) है।

☞ एशिया से होकर बहने वाले उच्च तुंगता वाली पश्चिमाभिमुख हवाओं को **जेट स्ट्रीम** कहते हैं।

☞ **राजस्थान** राज्य में वर्ष के अधिकांश भाग में उच्च तापमान तथा बहुत ही कम वर्षा होती है।

☞ **द्रास** की जलवायु जैसलमेर, चेन्नई व शिमला की तुलना में ज्यादा ठंडी है।

## ❑ भारत की जनजातियां

☞ **भूटिया** जनजाति में ऋतु प्रवास का प्रचलन है।

☞ संथाल **पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा** की जनजाति है।

☞ टोडा (Todas) **तमिलनाडु में** पाए जाते हैं।

☞ मणिपुर की मुख्य जनजाति में **मेइटेइस**, **नागा, कुकी-चिन-मिजो** शामिल हैं। यहां का प्रसिद्ध वसंत पर्व '**लाल-हरोबा** अप्रैल-मई में मनाया जाता है तथा प्रसिद्ध लोकटक झील राज्य में स्थित है।

☞ **गुज्जर** जनजाति जम्मू एवं कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के निवासी हैं।

| भारतीय जनजातियां | | | |
|---|---|---|---|
| राज्य | संबंधित जनजातियां | राज्य | संबंधित जनजातियां |
| उत्तराखंड | थारू, भोटिया, जौनसारी, राजी, निति, कोय | अरुणाचल प्रदेश | डफला, आपातानी, मिश्मी, मोंपा, सुलुंग, मिनयोंग |
| उत्तर प्रदेश | थारू, बुक्सा, राजी, जौनसारी, खरवार एवं माहीगीर | महाराष्ट्र | गोंड, भील, कोली, बारली |
| ओडिशा | कोल, बोंडा, संथाल, जुआंग, खरिया, ओरांव, गोंड | छत्तीसगढ़ | गोंड, भील, मुरिया |
| | | तमिलनाडु | टोंडा, कोटा, बड़गा |
| झारखंड | मुंडा,संथाल, हो, ओरांव, बीरहोर, असुर, कोरबा, भूमिज, गोंड | आंध्र प्रदेश | लंबाडा, चेन्चुस, गदवा |
| | | नगालैंड | अंगामी, मिकिर, नबुर्ड नागा |
| मध्य प्रदेश | कोल, मुंडा, गोंड, भील, बैगा, असुर, मुरिया, बंजारा, लमबाड़ी | राजस्थान | भील, सहरिया, मीणा, बंजारा, कोली, सांसी, गरासिया |
| सिक्किम | लिम्बू या यावयुंग, लेरचा, लेपचा | केरल | मोपला, काडर, डरूला, पनियान |
| असम | कार्बी, डफला, मिकिर, लुसाई, डिमारा, नागा | अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह | औंग, जारवा, शौम्पेन |
| हिमाचल प्रदेश | गद्दी, कनोरा, लाहौली | | |
| बिहार | संथाल | जम्मू-कश्मीर | लद्दाखी, बक्करवाल |
| पश्चिम बंगाल | संथाल, भूमिज, लोधा, (दार्जिलिंग क्षेत्र में) | मणिपुर | कुकी, मैठी या मैटी |
| मेघालय | गारो, खासी, जयंतिया, मिकिर | मिजोरम | मीजो, चकमा, लुशाई, कुकी, लाखर, पावों |
| गुजरात | डाफर, भील, कोली, बंजारा | त्रिपुरा | रियांग |

# विश्व का भूगोल

## ❑ अंतरिक्ष एवं सौर तंत्र

☞ इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो ने **दोलक (पेंडुलम) से संबंधित विभिन्न नियम, बृहस्पति के चार उपग्रहों की खोज एवं दूरबीन विकसित** किया था।

☞ अमावस्या तथा पूर्णिमा के दिन बृहत् ज्वार-भाटा की घटना घटित होती है, क्योंकि उन दिनों **सूर्य, पृथ्वी तथा चंद्रमा सरल रेखा में होते हैं**।

☞ **क्रिश्चियन ह्यूजेन** (Christian Huygens) ने सबसे पहले अनुमान लगाया कि शुक्र पूर्णतया बादलों से आच्छादित है।

☞ ब्लैक होल एक **धुंधली खोखली गुहिका** है।

☞ अपने स्वयं के गुरुत्वाकर्षण से बंधे सितारों, तारकीय अवेशेषों धूल और गैसों के एक बड़े समूह को **आकाश गंगा** (Galaxy) कहा जाता है।

☞ सौरमंडल में सूर्य और खगोलीय पिंड सम्मिलित हैं; जो इस मंडल में एक-दूसरे से **गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा** बंधे हैं।

☞ सूर्य की बाह्य परत संवहनीय मेखला की **सतह/प्रकाशमंडल** कहलाती है।

☞ सूर्य के वर्ण मंडल के परे भाग को **कोरोना** कहते हैं, जो **पूर्ण सूर्य ग्रहण** के समय दिखाई देता है।

☞ प्रकाशमंडल पर ही **सौर कलंक** होते हैं।

☞ सूर्य से दूरी के क्रम में **बृहस्पति** पांचवें स्थान पर है।

☞ बृहस्पति सौरमंडल का **सबसे बड़ा ग्रह** है। इसके 67 उपग्रह हैं।

☞ बृहस्पति का द्रव्यमान सूर्य के हजारवें भाग के बराबर है।

☞ सौरमंडल के केंद्र में **सूर्य** स्थित है। जिसके चारों ओर अन्य ग्रह (आठ ग्रह) चक्कर लगाते हैं।

☞ बुध ग्रह आकार में सबसे छोटा ग्रह है।

☞ सूर्य का सबसे **नजदीकी ग्रह बुध** तथा सबसे **बाहरी ग्रह नेप्च्यून** है।

☞ नेप्च्यून के बाद **प्लूटो** जैसे **बौने ग्रहों** के अलावा धूमकेतु भी आते हैं।

☞ सौरमंडल के दो ग्रह **बुध और शुक्र** के कोई उपग्रह नहीं हैं।

☞ सूर्य, सौरमंडल का प्रधान और केंद्र में स्थित एक **तारा** है।

☞ सबसे पहले **कॉपरनिकस** ने यह सिद्धांत दिया था कि सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।

☞ सौरमंडल में सूर्य का आकार **सबसे बड़ा** है।

☞ सूर्य के परितः **अधिकतम परिभ्रमण काल** वाला ग्रह 'वरुण' (Neptune) है।

☞ **सूर्य ग्रहण** की स्थिति तब आती है जब चंद्रमा की छाया पृथ्वी पर पड़ती है।

☞ सूर्य ग्रहण की स्थिति सदैव **अमावस्या** को होती है।

☞ **ग्रीनविच**, युनाइटेड किंगडम का एक शहर है।

☞ इसी शहर से **अंतरराष्ट्रीय मानक समय** निर्धारित किया गया है।

☞ जब सूर्य ऊर्ध्वाधर रूप से पृथ्वी के विषुवत रेखा के ऊपर होता है तब वर्ष में दो बार दिन और रात समान अवधि का होता है।

☞ यूरेनस (अरुण) ग्रह का पता **विलियम हर्शेल** ने लगाया था।

☞ 22 दिसंबर को **मेलबोर्न** (दक्षिणी गोलार्द्ध) में सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात होती है।

☞ तप्ततम तारे का रंग **नीला** होता है।

☞ किसी कक्षा से अलग उपग्रह का छोटा हिस्सा अलग होता है, तो वह **अंतरिक्ष में घूमता रहेगा**।

☞ चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं पाए जाने का कारण **गुरुत्वाकर्षण बल की अधिक क्षीणता (कमी)** है।

☞ तारे पूर्व से पश्चिम की ओर गमन करते हुए दिखाई देते हैं क्योंकि **पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घुमती रहती है**।

☞ चंद्रमा का आकार **पृथ्वी के आकार का लगभग 1/4** है।

☞ सौरमंडल में पूर्व से पश्चिम की ओर अपनी धूरी पर घूमने वाला ग्रह यूरेनस **(अरुण)** एवं शुक्र है।

☞ तारा **प्रथम अवस्था** में लाल दिखाई देता है।

☞ **ब्लैक होल** अंतरिक्ष का एक पिंड या क्षेत्र है, जिसकी गुरुत्व शक्ति इतनी तीव्र है कि वह उससे कुछ भी नहीं गुजरने देता।

☞ **सुपरनोवा** एक अंतोन्मुख सितारा (a dying star) है।

☞ सूर्य की सतह का तापमान लगभग **5500°C** (5778K) है।

☞ शुक्र पर मानव जीवन का अस्तित्व संभव नहीं है क्योंकि शुक्र पर **कार्बन डाइऑक्साइड का अति उच्च स्तर व शुक्र ग्रह का तापमान अति उच्च (462°C)** है।

☞ हमेशा चंद्रमा का समान रूप इसलिए दिखाई देता है क्योंकि **यह पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करने और अपने अक्ष पर घूर्णन दोनों के लिए समान समय लेता है।**

☞ मध्य रात्रि के सूर्य की घटना आर्कटिक और **अंटार्कटिक क्षेत्रों** में देखी जा सकती है।

☞ सही सुमेलन इस प्रकार है–
सप्तर्षि **– तारामंडल,** सिरियस **– तारा,**
आकाश गंगा **– मंदाकिनी एवं** टाइटन**– उपग्रह** ।

☞ प्रत्येक ग्रह सूर्य के साथ एक केंद्र में दीर्घवृत्त में चलता है– यह **कैप्लर का नियम** कहलाता है।

☞ सूर्य की सबसे बाहरी परत **परिवलय** कहलाती है।

☞ हमारी ''मिल्की वे गैलेक्सी'' का आकार **स्पाइरल** है।

☞ **जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में होते हैं,** तो ज्वार सबसे ऊंचा होता है।

☞ सूर्य, चांद और पृथ्वी, जब एक सीधी रेखा में हो, तो **ग्रहण लगता है।**

☞ चंद्रग्रहण तब होता है, जब पृथ्वी, **सूर्य और चंद्रमा के बीच में पृथ्वी आ जाती है**।

☞ सूर्यग्रहण होता है, जब **चंद्रमा, पृथ्वी तथा सूर्य के बीच आता है**।

☞ पूर्ण सूर्यग्रहण का अधिकतम समय **452 सेकंड** है।

☞ पृथ्वी तथा बृहस्पति के बीच में **मंगल** ग्रह है।

☞ सौर प्रणाली के ग्रहों को उनके आकार के आधार पर **बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण, पृथ्वी, शुक्र, मंगल, बुध** को रखा जा सकता है।

☞ 'ओरियन' नक्षत्र का भारतीय नाम **मृगशिरा** है।

☞ आकाशीय पिंडों के अध्ययन को **खगोल शास्त्र** कहते हैं।

☞ टूटते हुए तारे **उल्का पिंड** हैं।

☞ सूर्य के अलावा, पृथ्वी से निकटतम तारा **अल्फा सेंटारी** है।

☞ **एडविन हब्बल ने** महाविस्फोट (बिग-बैंग) सिद्धांत का प्रथम साक्ष्य प्रदान किया।

☞ आकाश गंगा, तारा, विश्व और ब्रह्मांड में सबसे बड़ा **ब्रह्मांड** है।

☞ सौरमंडल के सभी सदस्यों की गति **सूर्य के गुरुत्वाकर्षीय बल** से नियंत्रित होती है।

☞ ज्वार-भाटा प्रधानतः **चंद्रमा के आकर्षण के** फलस्वरूप होता है।

☞ सूर्य के चारों ओर मंगल ग्रह की गति **आवर्ती गति** का एक उदाहरण है।

## ❑ पृथ्वी एक परिचय

☞ पृथ्वी आकार में **5वां सबसे बड़ा ग्रह** तथा सूर्य से दूरी के क्रम में **तीसरा ग्रह** है।

☞ पृथ्वी सौरमंडल का एक मात्र ग्रह है, जिस पर **जीवन** है।

☞ पृथ्वी पर वायुमंडलीय दाब पृथ्वी के **गुरुत्वाकर्षण शक्ति के कारण** उत्पन्न होता है।

☞ पृथ्वी की अपेक्षा चंद्रमा का द्रव्यमान $\frac{1}{0.0123}$ है।

☞ **पृथ्वी का रासायनिक संघटन इस प्रकार है–** आयरन (32.1%), ऑक्सीजन (30.1%), सिलिकॉन (15.1%), मैग्नीशियम (13.9%), सल्फर (2.9%), निकेल (1.8%), कैल्शियम (1.5%), एल्युमीनियम (1.4%)।

☞ पृथ्वी का ध्रुवीय व्यास विषुवतीय व्यास से **42.72 किमी.** छोटा है।

☞ पृथ्वी से सबसे पास स्थित तारा है- **सूर्य**

☞ सूर्य स्थित है - **सौरमंडल के केंद्र में**

☞ सूर्य की ऊर्जा उत्पन्न होती है - **नाभिकीय संलयन द्वारा**

☞ पृथ्वी एवं सूर्य की निकटतम स्थिति को खगोलीय भाषा में कहते हैं - **उपसौर (पेरीहिलियन) 3 जनवरी को**

☞ पृथ्वी एवं सूर्य की दूरस्थ स्थिति को खगोलीय भाषा में कहते हैं **- अपसौर (अपेहिलियन)** 4 जुलाई को

☞ खगोलीय दूरियों को मापने की एक अन्य इकाई **पारसेक** है।

☞ एक पारसेक = 3.26 प्रकाश वर्ष

☞ पृथ्वी की घूर्णन गति **भूमध्य रेखा के साथ** उच्चतम होती है।

☞ पृथ्वी की दो गतियां होती हैं- **घूर्णन गति** तथा **परिक्रमण** गति।
☞ पृथ्वी को उसके काल्पनिक अक्ष पर घूमने को **घूर्णन** कहते हैं।
☞ पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना परिक्रमण कहलाता है।
☞ पृथ्वी **पश्चिम से पूर्व दिशा** में घूमती है और इसी से दिन व रात होते हैं।
☞ पृथ्वी का यह अक्ष सदैव **एक ओर** ही झुका रहता है।
☞ पृथ्वी जिस धुरी अथवा अक्ष पर घूमती है, वह **काल्पनिक रेखा** है, जो पृथ्वी के केंद्र से होकर उसके **उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों** को मिलाती है।
☞ पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन एवं अपनी कक्षा में परिक्रमण दोनों ही घड़ी की **सुइयों की विपरीत दिशा** में होती है।
☞ पृथ्वी अपनी कक्षा में **पश्चिम से पूर्व की दिशा में गति** करती है। इसीलिए हमें **सूर्य, पूर्व से पश्चिम की ओर गति** करता प्रतीत होता है, जबकि सूर्य स्थिर होता है।
☞ पृथ्वी पर **ऋतु परिवर्तन**, इसकी कक्षा पर झुके होने के कारण तथा **वार्षिक गति** के कारण होती है।
☞ **परतदार या अवसादी चट्टानों** का निर्माण चट्टानों की टूट-फूट से प्राप्त मलबे के जमा होते रहने से होता है।
☞ पृथ्वी एक घंटे में **$15^0$** देशांतर घूम लेती है।
☞ मकर वृत्त **$23^0 30'$ से दक्षिण अक्षांश पर** स्थित है।
☞ विषुवत पर एक दिन की अवधि **12 घंटे की होती** है।
☞ पृथ्वी से दिखने वाली चंद्रमा की सतह उसकी कुल सतह का **57 प्रतिशत** है।
☞ छः माह का दिन एवं रात होता है —**ध्रुवों पर**
☞ मध्य रात्रि को भी सूर्य चमकता दिखाई पड़ता है —**आर्कटिक वृत्त पर**
☞ मध्य रात्रि के सूर्य का देश कहा जाता है - **नॉर्वे को**
☞ पृथ्वी की धुरी अपने लंब अक्ष से $23\frac{1^\circ}{2}$ झुकी है तथा अपने कक्ष तल पर $66\frac{1^\circ}{2}$ का कोण बनाती है।
☞ 20/21 मार्च एवं 22/23 सितंबर को सूर्य की किरणें भूमध्य रेखा पर लंबवत चमकती हैं। इस कारण इस समय दोनों गोलार्द्धों में रात एवं दिन बराबर होते हैं।
☞ 20/21 जून को सूर्य कर्क रेखा पर लंबवत चमकता है। अतः उत्तरी गोलार्द्ध में 20/21 जून को रात सबसे छोटी एवं दिन सबसे बड़ा होता है।
☞ 21/22 दिसंबर को सूर्य मकर रेखा पर लंबवत चमकता है। अतः दक्षिणी गोलार्द्ध में 21/22 दिसंबर को रात सबसे छोटी एवं दिन सबसे बड़ा होता है।
☞ **पृथ्वी के अपने कक्षीय-तल की ओर झुके होने के कारण** उत्तरी ध्रुव प्रदेश में छह महीने का लंबा दिन और दक्षिणी ध्रुव प्रदेश में छह महीने की लंबी रात होती है।
☞ किसी पिंड का भार **पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण** के कारण होता है।
☞ जहां पर पृथ्वी का **गुरुत्वाकर्षण अधिक** होगा वहां पर पिंड का भार भी अधिकतम होगा।
☞ पृथ्वी सतह पर सर्वत्र **गुरुत्वाकर्षण** एक समान नहीं होता।
☞ पृथ्वी के घूर्णन तथा अन्य कारणों से **ध्रुवों पर सर्वाधिक** तथा **विषुवत रेखा पर सबसे कम** गुरुत्वाकर्षण होता है। इसी कारण से ध्रुवों पर एक ही पिंड का भार विषुवत रेखा की अपेक्षा अधिक होगा।
☞ **ज्वार-भाटा** की उत्पत्ति सूर्य एवं चंद्रमा के आकर्षण बल तथा पृथ्वी पर उत्पन्न होने वाले दो बलों, **अभिकेंद्रीय बल** और **अपकेंद्रीय बल** के कारण होती है।
☞ पृथ्वी पर **24 घंटे में दो बार** ज्वार तथा दो बार भाटा का अनुभव किया जाता है।
☞ **अमावस्या और पूर्णिमा** के दिन चंद्रमा, सूर्य एवं पृथ्वी एक सीध में होते हैं।
☞ **शुक्र** पृथ्वी का निकटतम, सबसे चमकीला एवं गर्म ग्रह है।
☞ इसे **सायं** तथा **भोर** का तारा भी कहते हैं।
☞ यह आकाश में **शाम के समय** पश्चिम दिशा में तथा **सुबह के समय** पूरब दिशा में दिखाई देता है।
☞ शुक्र ग्रह को आकार में लगभग पृथ्वी के समान होने के कारण पृथ्वी की **जुड़वा बहन** भी कहते हैं।
☞ पृथ्वी की सबसे बाहरी परत पर्पटी पृथ्वी के कुल आयतन का **लगभग 1 प्रतिशत** से कम है।
☞ भूमध्य रेखा के ऊपर स्थित क्षोभ सीमा (ट्रोपोपॉज) की ऊंचाई लगभग **17 किमी.** होती है।
☞ प्रधान याम्योत्तर रेखा **लंदन के ग्रीनविच** से होकर गुजरती है।
☞ दक्षिण ध्रुव का अक्षांश लगभग **90°** है।
☞ भूमध्य रेखा एक **महावृत्त** है।
☞ भारत के मध्य अक्षांश से **कर्क रेखा** गुजरती है।
☞ पृथ्वी पर कोई भी स्थिति उसके **अक्षांश और देशांतर** से निर्धारित की जाती है।
☞ भू-स्थल जो समुद्र में प्रक्षेपित है एवं तीन ओर से जल से घिरा हुआ रहता है, **प्रायद्वीप** कहा जाता है।
☞ पृथ्वी की सतह पर (पूर्वी-पश्चिम, पश्चिम-पूर्वी) दिशा की समानांतर रेखाओं को कहा जाता है— **अक्षांश**।
☞ **वायुमंडल** पृथ्वी के चारों ओर सैकड़ों किमी. की मोटाई वाले गैसीय आवरण को कहते हैं।
☞ वायुमंडल का घनत्व **ऊंचाई के साथ घटता जाता है**, जिन्हें 5 विभिन्न परतों में विभाजित किया गया है।
☞ वायुमंडल की सबसे **निचली सतह क्षोभमंडल** (Troposphere) कहलाती है, जिसकी औसत ऊंचाई लगभग 16 किमी. है।
☞ वायुमंडल की सबसे **ऊपरी परत बहिर्मंडल (Exosphere)** कहलाती है, जो 640 किमी. के ऊपर फैली हुई है।

☞ **रेडियों तरंगें** आयनमंडल से परावर्तित होती है।

☞ तापमंडल, आयनमंडल का बाह्य भाग है, जिसमें **विद्युत आवेशित कण** होते हैं।

☞ **आयनमंडल** धरातल से 80-640 किमी. की ऊंचाई तक विस्तृत है।

☞ आयनमंडल में **उत्तरी ध्रुवीय प्रकाश** तथा **दक्षिणी ध्रुवीय प्रकाश** के भी दर्शन होते हैं।

☞ सभी प्रकार की **जलवायु व मौसम संबंधी घटनाएं** 'क्षोभमंडल' में होती हैं।

☞ क्षोभमंडल को **परिवर्तन मंडल** भी कहा जाता है।

☞ मानचित्र पर समुद्र तल से समान ऊंचाई वाले स्थानों को जोड़ने के लिए खींची गई **काल्पनिक रेखा समोच्च रेखा कहलाती** है।

☞ पृथ्वी पर समान दाब वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा को **समदाब (Isobar) रेखा** कहते हैं।

☞ जो पवन, वायुदाब या अक्षांशीय अंतर के कारण वर्ष भर एक-दूसरे कटिबंध की ओर प्रवाहित होती रहती है, उसे **प्रचलित पवन या स्थायी पवन** कहते हैं।

☞ विश्व की प्रचलित पवनें निम्न हैं- **डोलड्रम** या **शांत पवन** की पेटी, **व्यापारिक पवनें, पछुआ पवनें, ध्रुवीय पवनें।**

☞ भूमध्य रेखा के दोनों ओर **$5^o$ अक्षांश** तक **निम्न वायुदाब** की पेटी होती है, जिसे **डोलड्रम** कहते हैं।

☞ डोलड्रम एक अंतः **उष्णकटिबंधीय अभिसरण प्रदेश** है।

☞ दो विशाल भू-भागों को जोड़ने वाली एक अति संकरी भूमि के फैलाव को **स्थल-संयोजक** कहते हैं।

☞ **ब्राजील** से भूमध्य रेखा और मकर रेखा गुजरती है।

☞ पृथ्वी के भीतर वह बिंदु जहां भूकंपीय तरंगें सभी दिशाओं में फैलती हैं- उसे **भूकंप फोकस** कहते हैं।

☞ पृथ्वी से चंद्रमा की केवल एक ही सतह दिखाई देती हैं, क्योंकि **चंद्रमा अपने परिक्रमण और परिभ्रमण के लिए समान समय** लेता है।

☞ पृथ्वी के भू-पृष्ठ की अनुमानित मोटाई **35 किमी.** है।

☞ पृथ्वी का व्यास **भुमध्य रेखा** पर सर्वाधिक होता है।

☞ पृथ्वी का आकार **लध्वक्ष गोलाभ** (Oblate spheroid) है।

☞ हमारी पृथ्वी को **24** समय-क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

☞ पृथ्वी की विषुवतीय परिधि लगभग **40,000 किमी.** है।

☞ सर्वाधिक जैवविविधता वाला क्षेत्र – **उष्णकटिबंधीय वर्षा वन**

☞ वर्ष भर वर्षा प्राप्त करने वाला क्षेत्र – **उष्णकटिबंधीय**

☞ व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वन – **कोणधारी वन**

☞ मृत सागर जाना जाता है–**अत्यधिक लवणता के लिए**

☞ विश्व का सबसे ऊंचा बांध

– **नुरेक बांध, ताजिकिस्तान (300 मीटर)**

☞ विश्व का सबसे ऊंचा प्राकृतिक बांध

– **युसोई (Usai) बांध, ताजिकिस्तान (567 मीटर)**

## ❑ महाद्वीप एवं द्वीप

☞ पृथ्वी पर भू-भाग की **सबसे बड़ी** इकाई महाद्वीप होती है।

☞ एशिया महाद्वीप का क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का **30** प्रतिशत है।

☞ एशिया में विश्व का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर **माउंट एवरेस्ट** है।

☞ विश्व का सर्वाधिक विस्तृत पठार **तिब्बत का पठार** है, जो एशिया में है।

☞ एशिया विश्व में **सर्वाधिक जनसंख्या** वाला महाद्वीप है।

☞ **अरब प्रायद्वीप** विश्व का सबसे बड़ा प्रायद्वीप है।

☞ ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य के उत्तर-पूर्वी तट के साथ-साथ समुद्र में एक प्रवाल भित्ति पाई जाती है, जिसे '**ग्रेट बैरियर रीफ**' कहते हैं।

☞ **मरे-डार्लिंग** की घाटी ऑस्ट्रेलिया की सबसे प्रमुख कृषि क्षेत्र है।

☞ **अंटार्कटिका** महाद्वीप की जनसंख्या सबसे कम है।

☞ मिस्र **अफ्रीका और एशिया महाद्वीप** में स्थित/विस्तृत है।

☞ भारत अंटार्कटिका कॉम्प्लेक्स से लगभग 140 मिलियन वर्षों पूर्व पृथक हो गया था। यह दक्षिण एशिया के आकार से **45 मिलियन वर्ष पूर्व जुड़ा।**

☞ विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला नगरीय संकुलन **टोक्यो (जापान)** है।

☞ विश्व का सबसे बड़ा देश **रूस** है।

☞ चीन असम के **उत्तर** दिशा में स्थित है।

☞ 'अलमाटी' (Almaty) **कजाख्स्तान का एक वृहद** नगर है।

☞ **अंटार्कटिका** 'श्वेत महाद्वीप' कहलाता है।

☞ **म्यांमार (बर्मा)** को 'लैंड-ऑफ गोल्डन पैगोडा' कहा जाता है।

☞ जापान का नागासाकी नगर **क्युशु** द्वीप पर स्थित है।

☞ विश्व का सबसे बड़ा द्वीप **ग्रीनलैंड** है।

☞ म्यांमार को **सुदूर पूर्व का धान का कटोरा** के रूप में जाना जाता है।

☞ **दक्षिणी अमेरिका** महाद्वीप का दक्षिणी छोर अंटार्कटिका के सबसे नजदीक है।

☞ पनामा के पूर्वी एवं पश्चिमी सिरे पर स्थित देश **कोलंबिया-कोस्टारिका** है।

☞ प्रसिद्ध 'ब्रॉडवे' **न्यूयॉर्क** शहर में है।

☞ एम्सटर्डम से होकर **एम्सटेल** नदी गुजरती है।

☞ गोल्डेन फ्लीस की भूमि **ऑस्ट्रेलिया** है।

☞ **इथिओपिया** का पुराना नाम 'अबीसिनिया' था।

☞ दो विशाल भू-भाग को जोड़ने वाली भूमि की छोटी पट्टी **भू-संधि** कहलाती है।

☞ **नेपाल** का झंडा दोहरे त्रिभुज के रूप में है।

☞ कम्बोडिया पहले **कंपुचिया** के नाम से जाना जाता था।

☞ अर्जेंटीना **साउथ अमेरिका** में स्थित है ।

☞ विश्व में सर्वाधिक गर्म **अल-अजीजिया- लीबिया** है।

☞ **पेंग्विन** विशिष्ट रूप से अंटार्कटिका में पाया जाता है।

☞ मालदीव द्वीप भारत के **दक्षिण-पश्चिम** की ओर हिंद महासागर में स्थित है।

☞ प्रायद्वीपीय भारत का अंतिम दक्षिणी बिंदु कन्याकुमारी, **भूमध्य रेखा के उत्तर में** पड़ता है।

☞ **प्रशांत महासागर** में, विश्व में अत्यधिक संख्या में द्वीप हैं।

☞ लक्षद्वीप के द्वीप **मूंगा (प्रवाल)** निर्मित हैं।

☞ ग्रेट बैरियर रीफ का निर्माण **प्रवाल नामक** छोटे-छोटे जीवों के द्वारा होता है।

☞ जापान को जापानी लोग '**निपन और निहॉन**' (Nippan and Nihan) के नाम से जानते हैं। जिसका अर्थ है 'उगते सूर्य का देश'।

☞ पश्चिमी देशों में जापान को **'उगते सूर्य की भूमि'** कहा जाता है।

☞ एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा द्वीप है **बोर्नियो**।

☞ **बोर्नियो द्वीप** का क्षेत्रफल है- 7,44,360 किमी.।

☞ यह द्वीप **तीन देशों** इंडोनेशिया, मलेशिया एवं ब्रुनेई में बंटा हुआ है।

☞ भारतीय उपमहाद्वीप मूल रूप से जिस वृहत भू-भाग का हिस्सा है, उसे **गोंडवाना लैंड** कहते हैं।

☞ **रामेश्वरम् द्वीप** भारत और श्रीलंका के मध्य है।

**विश्व के 5 सबसे बड़े द्वीप**

| क्र. सं. | द्वीप | क्षेत्र (वर्ग किमी. में) | अवस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रीनलैंड | 2,130,800 | आर्कटिक एवं अटलांटिक महासागर के मध्य अवस्थित, राजनीतिक रूप से डेनमार्क का भाग। |
| 2. | न्यू गिनी | 785,753 | प्रशांत महासागर स्थित द्वीप जो ओशेनिया उपक्षेत्र के मेलानेशिया में स्थित, इस द्वीप पर दो देश इंडोनेशिया एवं पापुआ न्यू गिनी विस्तारित। |
| 3. | बोर्नियो | 748,168 | दक्षिणी चीन सागर, सुलु सागर, सेलेबिज सागर, मकास्सर स्ट्रेट, जावा सागर एवं कारीमाता स्ट्रेट से घिरा। तीन देशों (ब्रुनेई, इंडोनेशिया एवं मलेशिया) की भूमि वाला द्वीप। |
| 4. | मेडागास्कर | 587,713 | हिंद महासागर स्थित सबस बड़ा द्वीप। |
| 5. | बेफिन द्वीप | 507,451 | कनाडा स्थित सबसे बड़ा द्वीप। |

☞ सोमालिया **अफ्रीका** महाद्वीप में स्थित है।

☞ विश्व का सबसे बड़ा पोत भंजन यार्ड **अलंग (भावनगर)** में है।

☞ सही सुमेलन है–

ग्रेट विक्टोरिया डेजर्ट – **ऑस्ट्रेलिया**

ग्रैंड कैन्यन – **यू.एस.ए.**

लेक विनिपेग – **कनाडा**

सदर्न आल्प्स – **न्यूजीलैंड**

☞ चीन, इटली, स्वीडन एवं यू.एस.ए. में से न्यूनतम जनन क्षमता **इटली** की है।

☞ उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के मध्य सीमा को **38वीं समानांतर रेखा** द्वारा अंकित किया गया है।

☞ **नेपाल** एक स्थलरुद्ध देश है।

☞ **लाओस** दक्षिण-पूर्व एशिया का एकमात्र स्थलबद्ध देश है।

☞ **बेल्जियम**, यूरोप के कॉकपिट के रूप में जाना जाता है।

☞ ईरान की मौद्रिक इकाई **रियाल** है।

☞ **ताजिकिस्तान** की भू-सीमा भारत के साथ नहीं जुड़ी है।

☞ म्यांमार की सीमा भारत, चीन, बांग्लादेश के साथ-साथ **थाईलैंड एवं लाओस** से भी लगी हुई है।

☞ लंदन में प्रातः 10:30 बजे यदि समाचार प्रसारित किए जाए, तो बगदाद (45°E) में उन्हें **दोपहर 1:30** बजे सुना जाएगा।

☞ कान्स एवं रोलैंड गैरोस फ्रांस में हैं, जबकि दावोस **स्विट्जरलैंड** में है।

☞ **रूस** का कुछ हिस्सा एशिया में और कुछ यूरोप में है।

☞ विश्व के प्रमुख देश/शहर एवं उनके पूर्व नाम-

| वर्तमान नाम | पुराना नाम |
|---|---|
| ईरान | **पर्शिया/फारस** |
| जिम्बाब्वे | **दक्षिणी रोडेशिया** |
| जाम्बिया | **उत्तरी रोडेशिया** |
| ईराक | **मेसोपोटाम्पिया** |
| बीजिंग | **पीकिंग** |
| थाईलैंड | **सियाम (Siam)** |
| ताइवान | **फॉर्मोसा** |
| टोक्यो | **इदो (Edo)** |
| फ्रांस | **गॉल (Gaul)** |
| इस्तांबुल | **कॉन्सटेंटिनोपल** |
| म्यांमार | **बर्मा** |
| श्रीलंका | **सिलोन** |

| देश एवं उनकी राजधानियां | | | |
|---|---|---|---|
| **देश** | **राजधानियां** | **देश** | **राजधानियां** |
| 1. उज्बेकिस्तान | ताशकंद | 17. यूक्रेन | कीव |
| 2. पेरू | लीमा | 18. डेनमार्क | कोपेनहेगेन |
| 3. न्यूजीलैंड | वेलिंगटन | 19. नॉर्वे | ओस्लो |
| 4. जापान | टोक्यो | 20. फ्रांस | पेरिस |
| 5. ऑस्ट्रिया | विएना | 21. जर्मनी | बर्लिन |
| 6. चिली | सेंटियागो | 22. जॉर्डन | अम्मान |
| 7. अर्जेंटीना | ब्यूनस आयर्स | 23. मंगोलिया | उलानबटोर |
| 8. उत्तर कोरिया | प्योंगयांग | 24. यमन | सना |
| 9. इथिओपिया | अदीस अबाबा | 25. लेबनान | बेरूत |
| 10. थाईलैंड | बैंकॉक | 26. चीन | बीजिंग |
| 11. घाना | अक्रा | 27. कनाडा | ओटावा |
| 12. केन्या | नैरोबी | 28. रूस | मॉस्को |
| 13. नामीबिया | विंडहाक | 29. ऑस्ट्रेलिया | कैनबरा |
| 14. नाइजीरिया | अबुजा | 30. तुर्की | अंकारा |
| 15. जाम्बिया | लुसाका | 31. ब्राजील | ब्राजीलिया |
| 16. युगांडा | कंपाला | 32. अमेरिका | वाशिंगटन डी.सी. |
| | | 33. इंग्लैंड | लंदन |

| भौगोलिक उपनाम | |
|---|---|
| **भौगोलिक उपनाम** | **देश/नगर** |
| 1. हजारों झीलों का देश | फिनलैंड |
| 2. मोतियों का द्वीप | बहरीन |
| 3. पूर्वी समुद्र की स्वामिनी | श्रीलंका |
| 4. दक्षिण अमेरिका का पेरिस | ब्यूनस आयर्स |
| 5. पश्चिम का द्वार | इस्तांबुल |
| 6. श्वेत हाथी की भूमि | थाईलैंड |
| 7. सूर्योदय का देश | जापान |
| 8. शहरों का शहर | वेनिस |
| 9. स्वर्ण द्वार का नगर | सैन फ्रांसिस्को |
| 10. पूर्व का मैनचेस्टर | ओसाका |

## ❑ पर्वत

☞ विश्व का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर **माउंट एवरेस्ट** है, जो नेपाल में अवस्थित है।

| विश्व की पांच सबसे ऊंची चोटियां | | |
|---|---|---|
| **चोटी** | **ऊंचाई** | **अवस्थिति** |
| 1. माउंट एवरेस्ट | 8848 मी. | नेपाल-तिब्बत सीमा पर अवस्थित |
| 2. के-2 | 8611 मी. | भारत (पाक अधिकृत कश्मीर) |
| 3. कंचनजंगा | 8586 मी. | भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित |
| 4. ल्होत्से | 8516 मी. | नेपाल-तिब्बत सीमा |
| 5. मकालू | 8462 मी. | नेपाल-तिब्बत सीमा |

☞ कंचनजंगा, नंगापर्वत, नंदा देवी आदि **हिमालय** की चोटियां हैं।

☞ **वलित पर्वत** पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों के कारण चट्टानों के मुड़ जाने से बनते हैं, जिन्हें **मोड़दार पर्वत** भी कहते हैं।

☞ रॉकीज, एंडीज, एटलस और हिमालय आदि **वलित पर्वतों** के उदाहरण हैं। इन्हें **टर्शियरी पर्वत** के नाम से भी जाना जाता है।

☞ वलित पर्वतों के चट्टानों की बनावट को देखने से प्रतीत होता है कि इनका निर्माण **अवसादी चट्टानों में** दबाव से पड़े मोड़ से हुआ है।

☞ अवसादी चट्टानों का जमाव नदियों द्वारा लाए गए **तलछटी निक्षेप** द्वारा हुआ है।

☞ **अवसादी चट्टानों** के उदाहरण हैं- बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, नमक की चट्टान आदि।

☞ **पठार** धरातल का विशिष्ट रूप है, जो अपने आस-पास के स्थल से पर्याप्त ऊंचा होता है।

☞ पर्वतमालाओं के बीच बने पठार को **अंतर्पर्वतीय पठार** कहते हैं।

☞ पर्वत तल और मैदान के बीच उठे समतल भाग को **पर्वतपदीय पठार** कहते हैं।

☞ समुद्र के तटीय भाग में स्थित पठार को **तटीय पठार** कहते हैं।

☞ **तिब्बत का पठार** विश्व का सबसे ऊंचा (औसतन समुद्र तल से 4500 मीटर) एवं सबसे बड़ा (2.5 मिलियन वर्ग किमी.) पठार है।

☞ संसार की छत **पामीर के पठार** को कहा जाता है।

☞ इस पठार में **तियानशान, कराकोरम, कुनलुन** और **हिंदुकुश** पर्वत श्रेणियां एक गांठ के रूप में जुड़ी हुई है।

☞ हिम द्वारा निक्षेपित प्रवाल शैल को सामान्यतः **हिमोढ़** कहते हैं।

☞ 'खैबर दर्रा' **पाकिस्तान** में स्थित है।

☞ पश्चिमी घाट का दक्षिणतम दर्रा **पालघाट दर्रा** है।

| पर्वत | देश/महाद्वीप |
|---|---|
| 1. दक्षिणी आल्पस | न्यूजीलैंड |
| 2. ह्वाइट पर्वत | सं. रा. अमेरिका |
| 3. ब्लैक फॉरेस्ट | जर्मनी |
| 4. अराकान योमा | म्यांमार |
| 5. आल्पस पर्वत शृंखला | यूरोप महाद्वीप |
| 6. एटलस पर्वत | अफ्रीका महाद्वीप |

☞ ग्रैंड कैनियन **संयुक्त राज्य अमेरिका** में स्थित है।
☞ **कामेत चोटी** भारत के गढ़वाल क्षेत्र में स्थित है। कामेत शिखर को **जास्कर शृंखला** का भाग और इसका सबसे ऊंचा शिखर माना जाता है।
☞ प्राचीन टेथीस सागर (Tethys sea) पर निक्षेप (deposits) के वलन से **हिमालय** बना है।
☞ शेवराय पहाड़ियां **तमिलनाडु में** स्थित हैं।
☞ कामेट, नामचा बरवां, नंगा पर्वत तथा नंदा देवी में **नंगा पर्वत** सर्वोच्च शिखर है।
☞ सारामती पर्वत **नगालैंड** में स्थित है।
☞ **सतपुड़ा पर्वतमाला** परतदार पर्वत का एक उदाहरण है।
☞ आल्पस **मोड़ वाले** पर्वत हैं।
☞ कोलोराडो पठार **यू.एस.ए.** में है।
☞ **ब्लैक फॉरेस्ट** (खंड पर्वत) वलित पर्वत का उदाहरण नहीं है।
☞ विभ्रंश घाटियां तथा उत्खंडे **भ्रंशन** के परिणाम हैं।
☞ **शैल व लाइमस्टोन** अवसादी चट्टाने हैं।
☞ **स्लेट** एक रूपांतरित चट्टान है।
☞ चट्टानों के क्षय के मुख्य कारण हैं– **ऊष्मा**, **शीत, पानी की धारा और हवा का प्रभाव**।
☞ **तलहटी** (अवसादी) चट्टानों में मुख्य रूप से तेल भंडार पाए जाते हैं।
☞ आग्नेय शैल का निर्माण **मैग्मा के शीतलन और घनीकरण** के फलस्वरूप होता है।
☞ 'संगमरमर' **एक कायांतरित चट्टान** है।
☞ **चूना पत्थर** अवसादी चट्टान है।
☞ चूना पत्थर और चाक **गठित तलछटी चट्टानों** के उदाहरण हैं।
☞ मैग्मा जो पृथ्वी की सतह पर पहुंचने के बाद जब ठोस बन जाता है, तो उसे **ग्रेनाइट** कहते हैं।
☞ कोयला **अवसादी शैल** का एक उदाहरण है।
☞ बलुआ पत्थर की रूपांतरित चट्टान **क्वार्टजाइट** है।
☞ **ग्रेनाइट** आग्नेय चट्टान है।

| पर्वत | स्थिति | सर्वोच्च चोटी | ऊंचाई (मी. में) | लंबाई (किमी. में) |
|---|---|---|---|---|
| एंडीज | द.अमेरिका | एकांकागुआ | 6960 | 7200 |
| रॉकी | उ.अमेरिका | माउंट एल्बर्ट | 4400 | 4800 |
| ग्रेट डिवाइडिंग रेंज | ऑस्ट्रेलिया | कोशिस्को | 2228 | 3700 |
| हिमालय पर्वत श्रेणी | एशिया | माउंट एवरेस्ट | 8848 | 2400 |

| विभिन्न महाद्वीपों के उच्चतम शिखर | | |
|---|---|---|
| **महाद्वीप** | **चोटी** | **अवस्थिति** |
| एशिया | माउंट एवरेस्ट (8848 मी.) | नेपाल-तिब्बत |
| दक्षिण अमेरिका | एकांकागुआ पर्वत (6960 मी.) | अर्जेंटीना |
| उत्तर अमेरिका | मैककिनले (6194 मी.) | अमेरिका (अलास्का) |
| अफ्रीका | किलिमंजारो (5895 मी.) | तंजानिया |
| यूरोप | एलब्रुश पर्वत (5642 मी.) | रूस |
| अंटार्कटिका | विंसनमैसिफ (4892 मी.) | |
| ऑस्ट्रेलिया | कोशियुस्को (2228 मी.) | न्यू साउथ वेल्स |

## ❑ सागर एवं महासागर

☞ संपूर्ण पृथ्वी के लगभग **3/4 भाग** पर जलमंडल का विस्तार है।
☞ महासागरीय जल के दो महत्वपूर्ण गुण हैं-**तापमान एवं लवणता**।
☞ विश्व का सबसे बड़ा महासागर **प्रशांत महासागर** तथा सबसे छोटा महासागर आर्कटिक महासागर है।
☞ विश्व का सबसे गहरा गर्त (खाई) **मेरियाना गर्त** है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है।
☞ विश्व की सबसे बड़ी झील **कैस्पियन सागर** है, जो खारे पानी की झील है।
☞ हिमानी (ग्लेशियर) बर्फ का एक विशाल पिंड है, **जो हिमालय पर्वत श्रेणी के शीर्ष स्थलों पर छाया रहता है**।
☞ मलक्का के संकीर्ण प्रवाह **सुमात्रा और मलेशिया** को पृथक करते हैं।
☞ भारत के दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सृजन से संबंधित **अल-निनो** (El-Nino) असामान्य गर्म समुद्री धारा है।
☞ नॉट **समुद्री जहाजों/वायुयानों** की गति मापने की इकाई है।
☞ समुद्र के पानी का एक भाग, जो मुख्य समुद्र से एक संकीर्ण पट्टी के कारण, आंशिक या पूर्ण रूप से अलग होता है, **लैगून (Lagoon)** कहलाता है।
☞ बरमूडा ट्रायंगल (बरमूडा त्रिकोण) **पश्चिमोत्तर अटलांटिक सागर** में है।
☞ हवाई द्वीपसमूह **उत्तरी प्रशांत महासागर** में स्थित है।
☞ भारत के पश्चिमी घाट के साथ स्थित समुद्र का नाम **अरब सागर** है।
☞ प्रवाल भित्तियां (Coral Reefs) **उपनिवेशी समुद्री छोटे जानवरों द्वारा बनाया गया कैल्शियम कार्बोनेट का अंतर्जलीय ढांचा** है।
☞ **प्रशांत एवं अटलांटिक महासागर** पनामा नहर द्वारा जुड़े हुए हैं।
☞ भारत में सबसे चौड़ी महाद्वीपीय शेल्फ **महाराष्ट्र** में पाई गई है।
☞ खम्भात की खाड़ी में ज्वारीय शक्ति को काम में लाने की अधिक संभावना है।

☞ **आर्मेनिया** की सीमा कैस्पियन सागर से नहीं जुड़ती है।

☞ 'उत्तरी ध्रुव' (North Pole) **आर्कटिक महासागर** (Arctic Ocean) के बीच में स्थित है।

☞ महासागरों में **तापमान बढ़ती गहराई के साथ घटता** है।

☞ महासागरों के सतही-जल का औसत तापमान **लगभग 17 डिग्री सेल्सियस** होता है।

☞ **पेरूवियन धारा** को हम्बोल्ट धारा भी कहा जाता है।

☞ हिंद महासागर एवं लाल सागर **बाब-अल-मंदेव** के संकीर्ण जल मार्ग से जुड़ा है।

☞ होर्मूज जल-संधि **ईरान एवं संयुक्त अरब अमीरात** देशों को अलग करती है।

☞ **जिब्राल्टर** जल-संधि यूरोप को अफ्रीका से पृथक करती है।

☞ **क्यूरोसिवो धारा** प्रशांत महासागर की गर्म धारा है, **फाकलैंड** दक्षिणी अटलांटिक महासागर की एक ठंडी धारा है। उत्तरी अटलांटिक की **पूर्वी ग्रीनलैंड धारा** एक ठंडी धारा है। **अगुलहास धारा** हिंद महासागर की एक गर्म धारा है।

☞ **उत्तरी ध्रुवीय महासागर** सबसे कम गहरा है।

☞ फैदोमीटर का उपयोग **समुद्र की गहराई** मापने के लिए किया जाता है।

☞ फैदम (Fathom) गहराई मापने की इकाई है।

☞ 1 फैदम = 1.828 मीटर = 6 फीट

☞ **सुनामी** एक प्रकार की समुद्री लहरें होती हैं।

☞ **समुद्री तूफान** को जापानी भाषा में सुनामी (Tsunami) बोलते हैं।

☞ सुनामी उत्पन्न होने का सबसे प्रमुख कारण **भूकंप** है।

☞ नॉटिकल मील समुद्री दूरी को मापने की इकाई है, जिसका प्रयोग नौ संचालकों द्वारा किया जाता है।

☞ एक नॉटिकल मील = 1852 मीटर

☞ स्थलीय दूरी को मापने के लिए जिस मील नामक इकाई का प्रयोग किया जाता है वह नॉटिकल मील से भिन्न होती है।

☞ 1 मील = 1609 मीटर

## ❑ विश्व की नदियां एवं झीलें

☞ संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के बीच स्थित **सुपीरियर झील** विश्व की दूसरी **सबसे** बड़ी तथा **मीठे पानी** की झील है।

☞ बैकाल झील रूस के **दक्षिणी साइबेरिया** में स्थित है।

| झील | देश |
|---|---|
| 1. टिटिकाका | पेरू |
| 2. विक्टोरिया | केन्या, तंजानिया एवं युगांडा के मध्य |
| 3. मृतसागर | जॉर्डन, इस्राइल एवं फिलीस्तीन |
| 4. मिशिगन | सं.रा. अमेरिका |

☞ **राइन नदी** पश्चिमी यूरोप में बहने वाली नदी है, जिसके किनारे पर **बॉन** नामक शहर स्थित है।

☞ **कील, पनामा** तथा **स्वेज** नहरें हैं।

☞ कील नहर जर्मनी में, पनामा नहर **रिपब्लिक ऑफ पनामा** में तथा स्वेज नहर मिस्र में स्थित है।

☞ विश्व की सबसे लंबी नदी **नील नदी** है।

☞ यह नदी **विक्टोरिया झील** से निकलकर मिस्र होते हुए भूमध्य सागर में गिरती है।

☞ **नील नदी** की लंबाई लगभग 6650 किमी. है।

☞ विश्व की दूसरी लंबी नदी **अमेजन** है।

☞ इसकी लंबाई लगभग **6400 किमी.** है।

☞ **अमेजन नदी** विश्व की सबसे बड़ी नदी (जल राशि की दृष्टि से) मानी जाती है क्योंकि यह नील नदी से चौड़ी है।

**नदियों के किनारे स्थित नगर**

| नदी | किनारे स्थित नगर | नदी | किनारे स्थित नगर |
|---|---|---|---|
| 1. सीन | पेरिस | 10. नील | काहिरा |
| 2. स्प्री | बर्लिन | 11. राइन | बॉन |
| 3. पोटोमेक | वाशिंगटन डी.सी. | 12. स्वान | पर्थ |
| 4. मेंजेनरेस | मैड्रिड | 13. निप्पर | कीव |
| 5. रावी | लाहौर | 14. एल्ब | हैम्बर्ग |
| 6. हडसन | न्यूयॉर्क | 15. मेनाम | बैंकॉक |
| 7. टाइबर | रोम | 16. मेकांग | नोमपेन्ह |
| 8. टेम्स | लंदन | 17. हनोई | लाल नदी |
| 9. डेन्यूब | विएना | 18. इरावदी | यांगून |

☞ रोम शहर **पोप के निवास** स्थान के लिए भी प्रसिद्ध है।

☞ **वियना** जो आस्ट्रिया की राजधानी है **डेन्यूब नदी** के किनारे बसा है।

☞ दक्षिण अमेरिकी देश **वेनेजुएला के** दक्षिणी-पूर्वी भाग में स्थित एंजिल प्रपात **संसार का सबसे ऊंचा जलप्रपात** है।

☞ यह यूनेस्को के **विश्व धरोहर** में शामिल है।

☞ आस्वान बांध **नील** नदी पर बना है।

☞ 'नील नदी की देन' **मिस्र** को कहा जाता है।

☞ अफ्रीका का विक्टोरिया जलप्रपात **जाम्बेजी नदी** पर स्थित है।

☞ नॉन, योम और मेकांग **थाईलैंड** की प्रमुख नदियां हैं।

☞ ऑस्ट्रेलिया की मुख्य नदी प्रणाली **मरे डार्लिंग प्रणाली** है।

☞ **'पो'** नदी इटली में बहती है।

| विश्व के सर्वाधिक ऊंचे 5 जलप्रपात | |
|---|---|
| **जलप्रपात** | **कुल ऊंचाई (मी. में)** |
| एंजेल प्रपात (वेनेजुएला) | 979 |
| टुगेला प्रपात (द.अफ्रीका) | 948 |
| ट्रेस हर्मनास (पेरू) | 914 |
| ओलोउपेना प्रपात (अमेरिका) | 900 |
| कैटराटा युमबिल्ला प्रपात (पेरू) | 896 |

## ❑ भूकंप एवं ज्वालामुखी

☞ **प्लेट टेक्टोनिक सिद्धांत** के अनुसार, संपूर्ण पृथ्वी प्लेटों से निर्मित है।

☞ प्लेटों के आपस में टकराने एवं टूटने से **भूकंप** आते हैं।

☞ **रिक्टर स्केल** का प्रयोग भूकंप की तीव्रता के मापने के लिए किया जाता है।

☞ भूकंप का मापन **सिस्मोग्राफ** द्वारा किया जाता है।

☞ भूकंपी तरंगों का अध्ययन करने वाले विज्ञान को **भूकंप विज्ञान** या **सीस्मोलॉजी** कहते हैं।

☞ भूकंप का अध्ययन करने वाले को, **सीस्मोलॉजिस्ट** नाम से जाना जाता है।

☞ वायुमंडल में विद्यमान अदृश्य जलवाष्प की मात्रा **आर्द्रता** कहलाती है।

☞ आपेक्षिक आर्द्रता **हाइग्रोमीटर** से मापी जाती है।

☞ **बैरोमीटर** के द्वारा वायुदाब तथा **लैक्टोमीटर** के द्वारा दूध की शुद्धता मापी जाती है।

☞ **आर्द्रता** पृथ्वी से वाष्पीकरण के विभिन्न रूपों द्वारा वायुमंडल में पहुंचती है।

☞ प्रशांत महासागर बेसिन के चारों ओर ज्वालामुखी और भूकंप की श्रृंखला पाई जाती है। जिसे '**प्रशांत महासागर का अग्नि वलय**' (Ring of fire) कहा जाता है।

☞ संसार में **सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखी** प्रशांत महासागर में अवस्थित है।

☞ ज्वालामुखी के निम्न प्रकार होते हैं- **सक्रिय ज्वालामुखी, प्रसुप्त ज्वालामुखी** और **शांत या मृत ज्वालामुखी।**

☞ ज्वालामुखी का संबंध **प्लेट विवर्तनिकी** से है।

☞ **रिफ्ट घाटी** का निर्माण विवर्तनिक हलचल के परिणामस्वरूप होने वाले **भ्रंशन** के कारण होता है।

☞ रिफ्ट घाटियों में अक्सर **झीलें निर्मित** हो जाती हैं।

☞ **रिफ्ट घाटी**, भूकंप, वलन तथा अपरदन जैसी आंतरिक एवं वाह्य क्रियाओं का परिणाम होता है।

☞ मैग्मा जब पृथ्वी के सतह पर पहुंचता है तो, उसे **लावा** कहते हैं।

☞ उत्स्रुत कूप से जल अपने आप **भू-ऊष्मीय ऊर्जा (Geothermal energy) के** कारण ऊपर बहता है।

☞ **छोटे तह के पर्वत** सबसे अधिक भूकंप प्रवण हैं।

☞ भारत में ग्रीष्म मानसून का सामान्य सीधा प्रवाह **दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर होता है।**

☞ **ज्वालामुखी** भू-वैज्ञानिक संकटों का एक उदाहरण है।

☞ अफ्रीका महाद्वीप में सर्वोच्च पर्वत शिखर **माउंट किलिमंजारो** है।

☞ स्थायी भूकंपविज्ञानी वेधशाला **लातूर** में स्थित है।

☞ भूकम्प के उद्भव बिंदु को **फोकस** कहा जाता है।

☞ ज्वालामुखी 'माउंट विसुवियस' इटली में स्थित है।

☞ **भूकंप, सुनामी, बाढ़, भू-स्खलन** ये सभी प्राकृतिक आपदा हैं।

☞ ज्वालामुखी पर्वत माउंट कोटोपैक्सी **इक्वाडोर** में स्थित है।

| ज्वालामुखी | देश |
|---|---|
| 1. माउंट एटना | इटली |
| 2. मौना लोआ | हवाई द्वीप |
| 3. कोटोपैक्सी | इक्वाडोर |
| 4. फ्यूजीयामा | जापान |
| 5. किलिमंजारो | तंजानिया |
| 6. किलायू | हवाई द्वीप |
| 7. विसुवियस | इटली |
| 8. माउंट रैनियर | सं.रा.अमेरिका |
| 9. माउंट टाल | फिलीपींस |
| 10. पैरिकुटीन | मेक्सिको |

## ❑ चक्रवात

☞ तटीय आंध्र प्रदेश और उड़ीसा (ओडिशा) **चक्रवात (Cyclones)** के कारण प्रायः प्राकृतिक आपदाओं का शिकार होते हैं।

| क्र.सं. | चक्रवात का नाम | देश |
|---|---|---|
| 1. | विली-विली | ऑस्ट्रेलिया |
| 2. | टाइफून | चीन |
| 3. | हरीकेन | सं.रा. अमेरिका |
| 4. | चक्रवात | भारत |
| 5. | बागियो | फिलीपींस |

## ❑ विश्व की हवाएं

☞ **मानसून हवाएं**, मौसमी पवनें होती हैं। ये हवाएं शीत ऋतु में स्थल से समुद्र की ओर तथा ग्रीष्म ऋतु में समुद्र से स्थल की ओर चलती हैं।

☞ **फेरल के नियमानुसार** उत्तरी गोलार्द्ध में इन हवाओं की दिशा दाईं ओर तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में बाईं ओर मुड़ जाती है।

☞ पृथ्वी की भूमध्य रेखा से उत्तर में 23°30' अक्षांश पर स्थित रेखा कर्क रेखा कहलाती है।

- पृथ्वी की भूमध्य रेखा से दक्षिण में 23°30' अक्षांश पर स्थित रेखा मकर रेखा कहलाती है।
- **0°-अक्षांश रेखा** को **भूमध्य रेखा अथवा विषुवत** रेखा कहते हैं।
- रूस में साइबेरिया पूरे विश्व में **अत्यधिक ठंडी जलवायु के लिए** प्रसिद्ध है।
- सागरीय जल में विद्यमान साधारण नमक की मात्रा **3.1 प्रतिशत से 3.80 प्रतिशत के मध्य** मिलती है।
- पवन **उच्च दबाव के क्षेत्र से कम दबाव के क्षेत्र की ओर** चलता है।
- बंगाल की खाड़ी में ट्रोपिकल साइक्लोन का अनुपात **शीत ऋतु** में अधिक होता है।
- पवन शक्ति के उपयोग के लिए सबसे बड़ा पवन फार्म समूह **तमिलनाडु में** पाया जाता है।
- कीवी आमतौर पर **न्यूजीलैंड में** पाए जाते हैं।
- पवन की दिशा को ज्ञात करने के लिए **विंड वेन** उपकरण का उपयोग किया जाता है।

**स्थानीय हवाएं**

| स्थानीय पवनें | देश/क्षेत्र |
|---|---|
| फॉन | स्विट्जरलैंड |
| सिमूम | कुर्दिस्तान |
| सेंटा एना | कैलिफोर्निया (सं.रा.अमेरिका) |
| जोन्डा | अर्जेंटीना |
| चिनूक | सं.रा. अमेरिका/कनाडा |
| सिरॉको | सहारा मरुस्थल/इटली |
| नॉर्वेस्टर्स | भारत |

## ❑ घास के मैदान

**विश्व के प्रमुख घास के मैदान एवं उनकी अवस्थिति**

| मैदान | अवस्थिति |
|---|---|
| प्रेयरी | उत्तरी अमेरिका |
| कैम्पास | ब्राजीलियन उच्च भूमि |
| पम्पास | अर्जेंटीना एवं उरुग्वे |
| स्टेपीज | पश्चिमी रूस व मध्य एशिया (यूरेशिया) |
| लानोस | वेनेज्ुएला |
| वेल्ड | दक्षिण अफ्रीका |
| डाउंस | ऑस्ट्रेलिया |
| सवाना | पूर्वी अफ्रीका (केन्या, तंजानिया आदि) |
| सेल्वास | अमेजन बेसिन |

- विश्व वन्यजीव निधि (World Wild Life Fund) का शुभंकर (Mascot) **पंडा (Panda)** है।
- घास में **रेशेदार** जड़ पाई जाती है।
- चीन में ह्वांग-हो मैदान **विस्थापित मैदान** का एक उदाहरण है।

## ❑ उद्योग एवं उत्पादन

- विश्व में बॉक्साइट का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला देश **ऑस्ट्रेलिया** है।
- ऑस्ट्रेलिया यूरेनियम के उत्पादन में **विश्व में तीसरा** स्थान रखता है।
- विश्व में भारत **अभ्रक** शीट के निर्यात में अग्रगण्य है।
- अजरबैजान का बाकू क्षेत्र **पेट्रोलियम उत्पाद** के लिए जाना जाता है।

| क्र.सं. | खनिज | देश/क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | तांबा | जाम्बिया (कटंगा) |
| 2. | मैंगनीज | गैबन |
| 3. | बॉक्साइट | गुयाना |
| 4. | लौह-अयस्क | मेसाबी |
| 5. | खनिज तेल | मोसुल |
| 6. | सोना | ट्रांसवाल, कालगुर्ली |
| 7. | यूरेनियम | पोर्ट रेडियम |
| 8. | पेट्रोलियम | बाकू |
| 9. | हीरा | किम्बर्ले |

- भारत में खाद्यान्नों में **चावल** का उत्पादन सबसे अधिक होता है।
- पाटन, बुरहानपुर, ढाका और देवगिरि, **कपड़ा** उत्पादन केंद्र थे।
- उद्योग धंधों के वर्गीकरण का आधार **कच्चा माल, आकार और स्वामित्व है।**
- इम्फाल का ईमा मार्केट (Ima market) **'लेडीज मार्केट'** के नाम से प्रसिद्ध है।
- **इंद्रावती** ओडिशा में सबसे बड़ा जलविद्युत उत्पादन (600 MW) परियोजना है।
- दक्षिण-पश्चिम रेलवे का मुख्यालय **हुबली में** स्थित है।
- तमिलनाडु में शिवकाशी **आतिशबाजी** उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
- वर्ष 2016-17 में **उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र एवं कर्नाटक** चीनी उत्पादन में अग्रणी राज्य हैं।
- ओपेक का तात्पर्य **ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज** है।
- भारत में **आंध्र प्रदेश** वर्जीनिया तंबाकू के उत्पादक में अग्रणी है।
- भू-तापीय ऊर्जा का सर्वाधिक उत्पादन **अमेरिका में** होता है।
- यूरोप महादेश में **पोलैंड** कोयला उत्पादनकारी सबसे बड़ा देश है।
- **चीन** मुख्य कोयला उत्पादक देश है।

☞ **चीन** विश्व का सबसे अधिक सोना उत्पादक देश है।

☞ **कोयला** को काला सोना कहा जाता है।

☞ यूरेनियम का अग्रणी उत्पादक देश **कजाख्स्तान** है।

| नगर और उद्योग | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **नगर** | **उद्योग** |
| 1. | पिट्सबर्ग | लोहा एवं इस्पात |
| 2. | शंघाई | सूती वस्त्र उद्योग |
| 3. | डूंडी | जूट वस्त्र उद्योग |
| 4. | सेंट पीटर्सबर्ग | पोत निर्माण |
| 5. | लॉस एंजेल्स | हवाई जहाज |
| 6. | अबादान | तेलशोधन |
| 7. | नगोया | सूती वस्त्र/ ऑटोमोबाइल्स |
| 8. | डेट्रायट | मोटर-गाड़ी |
| 9. | मैग्निटोगोस्क | लोहा-इस्पात |
| 10. | ओसाका | वस्त्र उद्योग |
| 11. | याकोहामा | पोत निर्माण |
| 12. | ह्यूस्टन | तेल एवं प्राकृतिक गैस |
| 13. | हवाना | सिगार |
| 14. | अंशन (चीन) | लौह-इस्पात |
| 15. | मिलान | रेशम वस्त्र उद्योग |
| 16. | शेफील्ड | कटलरी उद्योग |
| 17. | वेनिस | कांच निर्माण उद्योग |
| 18. | मॉस्को | मशीनरी उद्योग |
| 19. | ग्लासगो | पोत निर्माण उद्योग |
| 20. | ओटावा | कागज निर्माण उद्योग |
| 21. | मिलान | रेशम वस्त्र उद्योग |

## ❑ विश्व कृषि

☞ भू-क्षरण को नियंत्रित करने हेतु सीढ़ीदार **टीला बनाना, बांध बनाना एवं वृक्षारोपण** जैसी विधियों का प्रयोग किया जा सकता है।

☞ मंचुरियन (Manchurian) **चीन** में संतुलित हरा मैदान है।

☞ हवाई द्वीप **गन्ने** का प्रमुख उत्पादक है।

☞ रबड़ के प्रमुख बागान **मलेशिया** में पाए जाते हैं।

☞ विश्व में गन्ना का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला देश है – **ब्राजील**

## ❑ विश्व के मरुस्थल

☞ मरुस्थलों में पाए जाने वाले पौधों की पत्तियां **नुकीली** होती हैं।

☞ विश्व का सबसे घना उष्ण मरुस्थल **थार** है।

☞ उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दिनों में चलने वाली गर्म और शुष्क हवाओं को **लु** (Loo) कहा जाता है।

☞ सहारा रेगिस्तान की गर्म, सूखी, धूल भरी स्थानीय हवा **हरमट्टन** के रूप में जानी जाती है।

☞ 'खामसिन' – **बालू से भरा शुष्क उफान** है।

| **मरुस्थल** | **देश/महाद्वीप** |
|---|---|
| 1. तकला मकान | चीन |
| 2. गोबी | मंगोलिया |
| 3. अटाकामा | चिली (द. अमेरिका) |
| 4. कालाहारी | अफ्रीका |
| 5. थार | एशिया |
| 6. ग्रेट विक्टोरिया | ऑस्ट्रेलिया |
| 7. दश्त-ए-लुट | ईरान |

## ❑ विश्व की जनजातियां

☞ '**मसाई**' अफ्रीकी जनजातीय समुदाय है।

☞ 'माओरी' जनजाति का निवास क्षेत्र **न्यूजीलैंड** में पाया जाता है।

☞ 'ओंगे' जनजाति **अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह** में निवास करती हैं।

☞ इंका के लोगों का संबंध **दक्षिण अमेरिका** से है।

☞ श्रीलंका के दो प्रमुख जातीय वर्ग **तमिल और सिंहलीज** हैं।

| क्र.सं. | **जनजातियां** | **देश/क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | एस्किमो | अलास्का, कनाडा, ग्रीनलैंड |
| 2. | ओरांन | भारत |
| 3. | बंटू | पश्चिमी अफ्रीकी क्षेत्र |
| 4. | बुशमैन | कालाहारी मरुस्थल |
| 5. | बद्दू | सऊदी अरब |
| 6. | मसाई | केन्या |
| 7. | सेमांग | मलेशिया |
| 8. | वेद्दा | श्रीलंका |
| 9. | ऐनू | जापान |
| 10. | पापुआन्स | न्यू गिनी |
| 11. | किरगीज | मध्य एशिया |
| 12. | रेड इंडियंस | उत्तरी अमेरिका |
| 13. | माओरी | न्यूजीलैंड |
| 14. | माया | ग्वाटेमाला |
| 15. | जुलू | दक्षिण अफ्रीका |